वर्ष- 22 अंक - 63 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

## इंदौर नगर निगम के एआरओ के यहां लोकायुक्त का छापा

समाचार पेज 05 पर



आजादी का जश्न... तिरंगामय हुआ इंदौर का राजवाड़ा

# बंटवारे के जख्मों को याद कर भावुक हुए मोदी

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर 1947 के विभाजन से प्रभावित लोगों के साहस, संघर्ष और जिजीविषा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि विभाजन ने लाखों परिवारों को उजाड़ दिया और लोगों को असहनीय पीड़ा दी, लेकिन प्रभावित लोगों ने विपरीत परिस्थितियों में भी नई जिंदगी शुरू की और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पीएम ने भाईचारे, सद्भाव और विकसित भारत के



निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। विभाजन से प्रभावित हुए लोगों को नमन किया।

## कल अवकाश

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कल सिटी ब्लास्ट कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 16 अगस्त रविवार को प्रकाशित होगा। सिटी ब्लास्ट के सभी स्नेहीजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...। **- प्र.सं.**

## भाजपा गठबंधन में शामिल होगी द्रमुक

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

तमिलनाडु में कांग्रेस से नाता तोड़ने वाली पार्टी द्रमुक अब भाजपा गठबंधन एनडीए में शामिल हो सकती है और मोदी मंत्रिमंडल में भी शामिल हो सकती है। शरद पवार की राकांपा के अलावा अकाली दल भी भाजपा गठबंधन से जुड़ सकता है, जिससे संसद में भाजपा की ताकत बढ़ सकती है और भाजपा परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन तथा महिला आरक्षण को लेकर आगे बढ़ सकती है। इसी महीने मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार होने की संभावना है जिसमें द्रमुक, राकांपा और अकाली दल के मंत्री बनाए जा सकते हैं।

## हिमाचल, नासिक और अफगानिस्तान में भूकंप

**शुक्रवार ● एजेंसी**

आज सुबह महाराष्ट्र के नासिक से लेकर हिमाचल प्रदेश के चंबा और अफगानिस्तान तक भूकंप के झटके दर्ज किए गए। इनमें सबसे ज्यादा तीव्रता अफगानिस्तान में 4.4 रही। नासिक में 3.4 और चंबा में 3.0 तीव्रता का झटका आया। अफगानिस्तान में दो बार धरती कांपी। करीब 7 घंटे के दौरान नासिक, चंबा और अफगानिस्तान में कई बार धरती कांपी। महाराष्ट्र में इससे पहले पालघर में भी दो भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## चीन को टैरिफ से बचने में मदद कर रहा भारत

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका टैरिफ को लेकर भारत पर फिर निशाना साध रहा है। अब अमेरिका ने भारत सहित 40 देशों पर आरोप लगाया कि ये देश चीन को टैरिफ से बचने में मदद कर रहे हैं और अमेरिका को चीन का उत्पाद बेच रहे हैं।

## पाक पीएम ने दी भारत को जंग की धमकी

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** आज पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु के पानी को लेकर भारत को जंग की धमकी दी। शहबाज शरीफ यह भूल गए कि अभी हाल ही में भारत के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की बुरी तरह धुलाई हुई थी।

## भारतीय वायुसेना में आएंगे 60 नए ट्रांसपोर्ट विमान



**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय वायुसेना अपनी टैक्टिकल एयर ट्रांसपोर्ट क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। रक्षा मंत्रालय ने लगभग 60 मल्टीरोल ट्रांसपोर्ट प्लेनों की खरीद के लिए टेंडर जारी किया है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग एक लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह अधिग्रहण पुराने हो चुके ट्रांसपोर्ट प्लेनों को बदलने के लिए किया जा रहा है।

## दो हिन्दू-मुस्लिम दोस्तों को मंदिर में दफनाया

**बागपत.एजेंसी।** बागपत के लहचौड़ा स्थित गणेश मंदिर की धूनी के नीचे गड्ढे में 20 दिन से लापता दोस्तों अंकित और इसरार के शव दफन मिले। शवों को छिपाने के लिए ऊपर टाइल्स लगाई गई थीं। मृतक अंकित की बहन से अवैध संबंधों के चलते पुजारी ने यह हत्या की थी। आरोपी पुजारी फरार है। अंकित अपनी बहन को पुजारी के यहां जाते हुए देखता था तो वह विरोध करते हुए झगड़ा करता था। बताया जाता है कि पुजारी ने दोनों दोस्तों को पहले नशीली दवाई पिलाई, फिर जहर के इंजेक्शन लगाए, फिर मंदिर में गड्ढा खोदकर दोनों को दफना दिया।

## संघ को शाखा लगाने के लिए लेनी होगी इजाजत?

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक सरकार सरकारी परिसरों और सार्वजनिक संपत्तियों के इस्तेमाल को लेकर नया कानून लाने की तैयारी में है जिसके कारण अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी शाखा लगाने के लिए इजाजत लेना होगी।

## 8 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई.एजेंसी। मुंबई की आरसीएफ पुलिस ने ठाणे के कलवा इलाके से 8 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। ये सभी बिना वैध दस्तावेजों के लगभग 35 वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहे थे।**

## चमोली टनल हादसे में 7 मजदूरों की मौत

**चमोली.एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले में टीएचडीसी की विष्णुगाड़-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टनल में अचानक मलबा और पानी आने से कई मजदूर फंस गए थे, जिनमें 7 मजदूरों की मौत हो गई। जबकि कुछ मजदूरों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया।

## मंत्री के बेटे को धमकी, तानी पिस्टल

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा के कार्यालय में कथित तौर पर पिस्टल लहराने और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में राशिद अली नामक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जिसने ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविन्द राजभर को जान से मारने की धमकी भी दी।



## अमेरिका में आग से झुलसे भारतीय की मौत

**फ्लोरिडा.एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे भारत चंदर रेड्डी ने करीब 15 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ते हुए अंततः दम तोड़ दिया। तेलंगाना के रहने वाले चंदर 25 जुलाई को एक हादसे में बुरी तरह झुलस गए थे।

## अंबाला में बवाल, दागे आंसूगैस के गोले

**अंबाला.एजेंसी।** हरियाणा के अंबाला में पंजोखरा साहिब विवाद पर पुलिस और सिख प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई। गुरुवार को देर रात तक जग्गी सिटी सेंटर के सामने हाईवे पर जमकर बवाल होता रहा और फिर पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल कर हाईवे जाम खुलवाया। इस पूरे बवाल में डीएसपी समेत सात पुलिस जवान घायल हुए हैं, जिनमें डीएसपी का अंगूठा कट गया।

## पीओके की जनता अब न टैक्स देगी न बिल भरेगी

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पीओके में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी बर्बरता के खिलाफ अब अवज्ञा आंदोलन शुरू किया है। इस आंदोलन में पीओके की जनता अब न टैक्स देगी और न ही बिल भरेगी।

# कांग्रेस अजा विभाग की 61 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने विगत दिनों सभी प्रकोष्ठ, विभाग को भंग कर दिया था। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को यथावत रखा गया था क्योंकि यह सीधे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से संबंध रखते हैं। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार की स्वीकृति से 61 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की सूची स्वीकृत की गई। 16 जिला उपाध्यक्ष, 28 महासचिव और 17 सचिव बनाए गए हैं। नए पदाधिकारियों को बधाई दी गई है।





















# जिला कांग्रेस के दो ब्लॉक गुटबाजी में रुके

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**सांवेर विधानसभा का नम्बर 211 है और नियुक्ति में 212 लिख दिया, जिले के शहर और नगर में भी हुई नियुक्तियां**

कल प्रदेश कांग्रेस ने जिला कांग्रेस में संगठन बदलाव की प्रक्रिया की कुछ जगह नाराजगी भी देखी गई। वहीं सांवेर विधानसभा क्षेत्र 211 है और सूची में 212 क्रमांक लिख दिया गया। यह 212 क्रमांक नागदा जिला उज्जैन का है यह भी चर्चा में बना। भाजपा नेता आईटी सेल के अभिलेष ठक्कर ने इस पर चटकारा भी लिया। जिला में कांग्रेस के 14 ब्लॉक और 3 उपब्लॉक है।

इन 17 में से 15 की नियुक्तियां हो गई और जो दो ब्लॉक क्षिप्रा और बेटमा उपब्लॉक रुके उनको गुटबाजी के रूप में देखा जा रहा है। इधर जिला कांग्रेस के नगर अध्यक्षों की भी घोषणा हुई उसमें भी अभी सांवेर नगर रूका है। वहीं मांगल्या में ध्रुव अवस्थी, गौतमपुरा में देवकरण गुर्जर, हातोद में यशवंत राठौर, बेटमा में वीरेन्द्रसिंह चौहान, देपालपुर में मजीद खान, मानपुर में महेश परमार, महूगांव में विवेक सकोरिया को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। यह घोषणा प्रदेश कांग्रेस की ओर से संगठन महामंत्री संजय कामले ने की। वहीं ब्लॉक और उपब्लॉक में 17 में से 15 नियुक्तियां हुई।

इनमें देपालपुर में राजेश बड़वाया, गौतमपुरा में मोहन चौधरी, हातोद उपब्लॉक में सुनेरसिंह सोलंकी, बड़ा बंगड़दा नवीन उपब्लॉक में कमल डाबी, मानपुर में रामप्रसाद बारोड़, महू शहर में अमित अग्रवाल, गवली पलासिया में जुगनू धनावत, सिमरोल में राकेश पाटीदार, बड़गोंदा नारायणसिंह पटेल, पिगडम्बर में दौलत पटेल, सांवेर में विक्रम चौधरी, खुड़ैल में अर्जुन पटेल, पालिया में राजेश चौहान, कछालिया में पवन पटवारी, मांगलिया में महेश पंचोली को बनाया गया है। नवीन उपब्लॉक भी बनाए गए हैं, इन ब्लॉकों में घोषणा सीधे जीतू पटवारी के हस्ताक्षर से हुई है। आम्बेडकर नगरी महू धार लोकसभा में भी आती है इसलिए इसकी जानकारी धार के जिम्मेदारों को भी भेजी गई है। महू में भी जमकर विरोध नियुक्तियों का हो रहा है, इस्तीफों की बात भी सामने आई है, वहीं अन्य जगह से भी नियुक्तियों का विरोध दिखाई देने लगा है, आज और विरोध के स्वर गुंजने की संभावना बताई गई है।

# आम्बेडकर नगरी में अध्यक्ष घोषित होते ही विरोध शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**सामूहिक इस्तीफे की बात भी सामने आई**

जिला कांग्रेस में लम्बे समय से पुराने ब्लॉक अध्यक्ष ही काम कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में ब्लॉक और मंडलम तक बदलने की कवायद चल रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के बनने के बाद कल प्रदेश कांग्रेस ने जिले के सभी ब्लॉक और उपब्लॉक के साथ नगर अध्यक्षों में भी बदलाव किया। इसी बदलाव की बयार में आम्बेडकर नगरी महू से भी 5 नगर अध्यक्ष की दावेदारी कर रहे थे, जिनमें दिनेश पंचोली, अमित अग्रवाल, आनन्द गोगलिया, बब्बू खान, मोहन अग्रवाल प्रमुख थे। कल अमित अग्रवाल की अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति हुई तो दूसरे दावेदार दिनेश पंचोली और उससे संबंधित कांग्रेसी नाराज हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक इन नाराज लोगों ने इस्तीफे देने तक की बात कही है। इधर इस मामले में जब जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि अभी उनके पास कोई इस्तीफा नहीं आया है।

किसी ने अगर वाट्सएप पर डाला हो तो बात अलग है। वानखेड़े के अलावा संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल ने बताया कि यह संगठन का अंदरुनी मामला है और सभी के साथ बैठकर संगठन मामले को ठीक कर लिया जाएगा। यह नियुक्तियां भोपाल से हुई है और सबकुछ ठीक हो जाएगा। इधर इस्तीफा देने में कई युवा, सेवादल, मुख्य कांग्रेस और अल्पसंख्यक नेता भी बताए जा रहे हैं। इस्तीफा देने वालों का दावा है कि 100 से अधिक लोगों ने इस्तीफा जिला अध्यक्ष को भेजा है।

वार्ड 1, 2, 3, 4, 7 के पदाधिकारियों के इस्तीफे की भी जानकारी दी जा रही है और दावा 100 लोगों के इस्तीफे का किया जा रहा है, लेकिन लिखित में इस्तीफा अभी तक जिला कांग्रेस के पास नहीं पहुंचा है।



# विभाजन विभीषिका पर रैली, शाम को संगोष्ठी




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** देश की आजादी के बाद भारत-पाकिस्तान विभाजन पर कई परिवार बंट गए थे। भारत के स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाता है और उस त्रासदी को भी याद किया जाता है, जिससे लोग विभाजित हुए थे। आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर रैली निकाली गई। आज शाम संगोष्ठी का आयोजन भाजपा कार्यालय में भाजपाई कर रहे हैं। कैलाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा, शंकर लालवानी, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, सुदर्शन गुप्ता, प्रताप करोसिया सहित अन्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री करेंगे 14-डी का चिड़ियाघर में लोकार्पण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चिड़ियाघर में 14-डी तो तैयार कर लिया गया है, अब इसका लोकार्पण चिड़ियाघर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 अगस्त को करेंगे। तैयारियों को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, निरंजनसिंह चौहान, पार्षद राजीव जैन सहित अन्य ने मौका मुआयना निरीक्षण के दौरान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि इंदौर के लिए यह नई सौगात निगम की उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री के हाथों होगा।

# अन्नपूर्णा से फूटी कोठी की सड़क का अवलोकन करने पहुंचे अधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के अधिकारी आज सुबह अन्नपूर्णा रोड से फूटी कोठी रोड तक बनाई गई नई सड़क का अवलोकन करने के लिए पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा 16 अगस्त को इस सड़क का लोकार्पण किया जाना है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि यह एक लिंक रोड है जो कि पिछले 40 साल से नहीं बनाई गई थी। इस सड़क का निर्माण करना चुनौती पूर्ण था। नगर निगम के द्वारा करीब 17 करोड रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण करवाया गया है। यह सड़क विश्वकर्मा नगर होते हुए रिंग रोड को जोड़ने का काम करती है। इस सड़क का निर्माण हो जाने से बड़ी संख्या में वाहन चालकों को वाहन लेकर घूम कर जाने के बजाय सीधे जाने का रास्ता मिल जाएगा। इस सड़क का निर्माण पूरा हो गया है। नगर निगम के द्वारा इस सड़क के चौराहे पर ही पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाने का फैसला लिया गया था। बाद में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग तथा जिला प्रशासन के द्वारा इस प्रतिमा के स्थल पर आपत्ति ली गई। उनकी आपत्ति के परिणाम स्वरूप अब प्रतिमा का स्थल बदल दिया गया है। अब यह प्रतिमा दशहरा मैदान पर लगाई जाएगी। इस प्रतिमा के निर्माण का भूमिपूजन भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा 16 अगस्त को किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए आज सुबह नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल अपने साथ सहयोगी अधिकारियों को लेकर इस सड़क का दौरा करने के लिए पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ पूरी सड़क पर पैदल घूम कर वहां किए गए निर्माण का जायजा लिया तथा सड़क के आसपास के क्षेत्र में जो विकास कार्य किया जाना है उसकी गति को बढ़ाकर उसे काम को आज देर रात तक पूरा करने का लक्ष्य दिया है।

उन्होंने निगम के अधिकारियों को कहा है कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने से पहले हमें इस सड़क के निर्माण के कार्य को हर हालत में पूरा करके दिखाना है। ध्यान रहे की मुख्यमंत्री 16 अगस्त की इंदौर यात्रा में इन दोनों स्थानों के लिए आयोजित संयुक्त कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही उसे दिन मुख्यमंत्री के द्वारा चिड़ियाघर में 14 दी थिएटर का भी लोकार्पण किया जाएगा।



## महापौर पहुंचे गौड़ के यहां

**अनन्त इंदौर यात्रा की दी जानकारी**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव विधानसभा 4 की विधायक मालिनी गौड़ के निवास लोधीपुरा पहुंचे और वहां उन्होंने अनन्त इंदौर यात्रा की जानकारी भी दी। दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा भी हुई।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान पर आज शाम सत्याग्रह मार्च

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अपमान को लेकर शहर और जिला कांग्रेस मिलकर आज शाम 5 बजे से जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा से डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा तक पैदल सत्याग्रह मार्च निकालेगी। शहर और जिला अध्यक्ष ने सभी कांग्रेसियों को इसकी सूचना भेजी है।

## भाजपाई हुए तिरंगा यात्रा में शामिल



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, डॉ. निशांत खरे, नानुराम कुमावत, दीपक राजोरिया, उमेश मंगरोला, राजेश उदावत, नंदू पहाड़िया, महेश बसवाल, मलखान कटारिया, राजीव जैन, पुष्पेंद्र पाटीदार, जसराज शर्मा, भगवती उपाध्याय, दिनेश रोकड़े, अतुल राजपूत मौजूद रहे।

## हालात-ए-गणतंत्र

विनोबा भावे को तो आप जानते ही होगें
नई पीढ़ी शायद ही जानती हो
नई पीढ़ी को हमारे इतिहास पुरुषों को जानना जरूरी है
पवनार आश्रम में विनोबा जी अपने शिष्यों को
पढ़ा रहे थे,
तभी पत्रवाहक गांधी जी का एक पत्र लेकर आया
विनोबा जी ने पत्र आधा पढ़ा और फाड़ दिया
शिष्य हैरान व आवाक रह गए
शिष्य सोच रहे कि
गांधी जी ने ऐसा क्या लिख दिया कि
विनोबा जी ने पत्र फाड़ दिया
शिष्यों ने पूछा तो विनोबा जी बोले
गांधी जी ने वह लिख दिया जो मुझमें नहीं है
प्रशंसा कर लिखा है
तुम देश भक्त हो तुममें सादगी है
श्रम, शालीनता, सहानुभूति, शांति
संयम जैसे महान गुण हैं
इस पर मुझे गर्व है, विनोबा जी बोले
पर ये गुण मैं अपने में नही देखता
इसलिए मैने पत्र फाड़ दिया
फिर बोले यदि मैं यह पत्र रख लेता
और कभी पढ़ता तो हो सकता है
मेरे मन में अहंकार आ जाता
ऐसे देश भक्त अहंकार रहित थे
विनोबा जी, क्या गौरव शाली अतीत था हमारा
आज अहंकार पराकाष्ठा पर है
सत्ता से सवाल याने देशद्रोह
एक लाख स्कूल बंद पर भी दंभ
डंके की चोट पर भ्रष्टाचारियों की पैरवी
व सत्ता सुख प्रदान
शुद्ध पेट्रोल जब है ही नही तो
क्या तुम्हारे बाप के घर से आएगा
बेशर्मी की हद
पेपर लीक वाले मंत्री का लोकसभा में सम्मान
यह क्रूरता है
लोकसभा में झूठ बोलना कि आपरेशन सिंदूर
में कोई सैनिक शहीद नहीं हुआ, गजब धूर्तता
अहंकार इतना की कुत्ता भी लड़ाए तो जीत जाए
170/पीवर पेट्रोल मिल रहा है ले लो
झूठ, फरेब और सीनाज़ोरी का परचम
अहंकारी, पता नही कहाँ ले
जाकर छोड़ेंगे देश का लोकतंत्र

नकुल रतन पाटोदी

# चार मुद्दों को लेकर निगम आयुक्त की कांग्रेस ने की घेराबंदी

## पार्षदों के साथ कांग्रेस नेता भी पहुंचे निगम में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के कांग्रेस के पार्षदों और शहर के कांग्रेस नेताओं ने निगम आयुक्त के पास पहुंचकर चार मुद्दों को लेकर घेराबंदी की। निगम आयुक्त से कांग्रेस के पार्षदों ने इन मामलों का समाधान मांगा। आयुक्त के द्वारा जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।**

इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौक से और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के नेतृत्व में कांग्रेस के पार्षद और शहर के कांग्रेस नेता कल शाम को निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त से मिलने के लिए पहुंचे थे। इन लोगों ने मुलाकात के दौरान इन दिनों नगर निगम के नामांतरण घोटाले का मुद्दा उठाया और शिकायत की कि अभी तक इस घोटाले में किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। निगम आयुक्त ने कहा कि इस मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। जांच कमेटी के द्वारा जांच का कार्य पूरा कर लिया गया है। अगले कुछ दिनों में इस जांच की रिपोर्ट आना संभावित है। जैसे ही रिपोर्ट आएगी वैसे ही दोषियों पर कार्रवाई कर दी जाएगी।

कांग्रेस के नेताओं ने शहर की सड़कों पर हुए गड्ढे का मामला उठाया। कांग्रेस के नेताओं का कहना था कि जिन स्थानों पर बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर निगम के द्वारा पेचवर्क का काम करवाया गया था उन स्थानों पर भी अब वापस से गड्ढे हो गए हैं। शहर में एक भी सड़क ऐसी नहीं है जहां पर की गड्ढे नहीं हो। इस मामले में निगम आयुक्त ने कहा कि बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद नगर निगम के द्वारा पूरे शहर में ग़ड्ढों का पेच वर्क करने का काम किया जाएगा। हमने इसके लिए अलग से टेंडर भी कर दिए हैं। नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह के द्वारा 1 लाख रुपए से काम की टैक्स की राशि चेक के माध्यम से जमा करने पर प्रतिबंध लगाए जाने का मुद्दा भी कांग्रेस के नेताओं ने उठाया। इन नेताओं का कहना था कि यह आदेश गलत है इस आदेश को वापस लिया जाना चाहिए। निगम आयुक्त ने कांग्रेस के नेताओं के विचार से अपनी असहमति जताई। उनका कहना था कि लोगों के द्वारा दिए जाने वाले चेक बड़ी संख्या में बाउंस हो जाते हैं। ऐसे चेक का उसके बाद में भी पेमेंट निकाल पाना निगम के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि चेक पर प्रतिबंध लगा दिया जाएं।

**कर्मचारियों का मुद्दा भी उठाया-** कांग्रेस के नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान कर्मचारियों की समस्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने और उसके अनुसार उनके वेतन को बढ़ाने का मामला भी सामने रखा। इस पर नगर निगम आयुक्त के द्वारा कहा गया कि निगम प्रशासन के द्वारा इस मामले में अनुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है। जैसे ही यह विचार हो जाएगा वैसे ही हम कर्मचारियों को लाभ देने के बारे में फैसला ले लेंगे।

## कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष का जन्मदिन मनाने पहुंचे साथी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष और विधानसभा 4 के वार्ड 70 से जुड़े राजेश जोशी का जन्मदिन कल दिनभर उनके निवास पर मनता रहा, अलग-अलग समय अलग-अलग कांग्रेस नेता अपने समूह के साथ पहुंचते रहे, कई केक काटे, मिठाई का वितरण भी हुआ और आतिशबाजी भी घर के बाहर की गई। सुरजीतसिंह चड्ढा, सुरेश मिंडा के अलावा हेमतं शर्मा, दिलीप, जितेंद्र राठौर, राजीव शर्मा, सलीम शेख, गोलू सिरसवाल, धर्मेन्द्र कटारिया, वैदप्रकाश पछैय्या, राहुल कटारिया, दीपक यादव, जितेंद्र कटारिया, विजय राठौर, दिनेश पांचाल ने बधाई दी।





## बोहरा समाज से जुड़े कांग्रेस नेता सेठजीवाला का दिन भर चलता रहा इस्तकबाल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बोहरा समाज से जुड़े वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कांग्रेस के स्थाई आमंत्रित सदस्य मजहर हुसैन सेठजीवाला का जन्मदिन कल दिन भर मनता रहा, निवास के अलावा कार्यालय पर भी चाहने वाले पहुंचते रहे। कल दिन भर में एक दर्जन से अधिक केक काटे गए और फूलमालाओं से इस्तकबाल भी होता रहा। मिठाई का वितरण भी हुआ और निवास व कार्यालय के बाहर आतिशबाजी भी हुई। इस दौरान अमन बजाज, सादिक खान, जौहर मानपुरवाला, बुरहानुद्दीन शकरूवाला, हैदर सेठजीवाला, अकिल सेठजीवाला, फिरोज साइकलवाला, आमिरभाई जावरावाला, निखिल खांडविलकर, अली मोहम्मद रतलामवाला, हकीम बैगवाला, अबुजर महरिम, अलमदार बैगवाला, श्रीकृष्ण अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, एक्सेस बैंक मैनेजर और स्टाफ सहित अन्य स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे, सैकड़ों लोगों ने फोन पर भी बधाई दी।

# विधानसभा चार की समस्या के लिए शिविर शुरू

## झोन क्रमांक-2, 12, 14 एवं 15 के समस्त वार्डों की समस्या का समाधान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत आज विधानसभा चार के अन्तर्गत लगने वाले झोन क्रमांक-2, 12, 14 एवं 15 के समस्त वार्डों के नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण को लेकर शिविर उषाराजे परिसर उषानगर में आयोजित किया जा रहा है। निगम अधिकारियों के अलावा शिविर में विधायक, महापौर और पार्षद भी आज सुबह से मौजूद है। उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित हो रहा है। अब अगला शिविर 21 अगस्त को जनपद पंचायत सांवेर के लसूड़िया परमार, 11 सितंबर को नगर परिषद गौतमपुरा, 18 सितंबर को जनपद पंचायत महू के कांकरिया तथा 25 सितंबर को इंदौर नगर निगम के झोन क्रमांक-6 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक जिले के निर्धारित क्षेत्रों में क्रमवार संचालित होगा।

## आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी कल निकालेंगे तिरंगा पैदल मार्च

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में कल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 10 बजे बड़वाली चौकी क्षेत्र के पुराने एसपी ऑफिस कार्यालय के समीप से बाबा साहब तिरंगा पैदल मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा के माध्यम से देश के संविधान, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश भी दिया जाएगा। अतिथि विनोद यादव आम्बेडकर, गोकुल प्रसाद हरियाले, गोविंद खारीवाल, नफीस अहमद खान, राहुल फारकले, संदीप चौहान, अजय जाटवा, विशाल करोसिया, अहमद दरबारी, डॉ. रामप्रसाद सिसोदिया, शीतल विश्नार होंगे। आबिद हुसैन बरकाती, डॉ. शेख रईस कादरी, इम्तियाज खान, इस्लामुद्दीन अंसारी, सगीर खान, शादाब वारसी यात्रा का नेतृत्व करेंगे। सहयोगी संस्था के रूप में उड़ान रिलीफ एजुकेशनल एन्ड वेलफेयर फाउंडेशन है।

## लालवानी की शाह से मुलाकात



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सांसद शंकर लालवानी की दिल्ली में मुद्दों पर आधारित मुलाकात हुई।

## भाजपा किसान मोर्चा की आज तिरंगा रैली

**इन्दौर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत देशभक्ति, जवानों के शौर्य और अन्नदाताओं के सम्मान में आयोजित 'जय जवान, जय किसान तिरंगा यात्रा' का आयोजन आज दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। यह यात्रा शिवाजी वाटिका से नवलखा, भंवरकुआ चौराहा होते हुए दीनदयाल उपाध्याय उपवन पर पूर्ण होगी। सभी किसानों के हाथ में तिरंगे झंडे भी रहेंगे।






## राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के मुख्य द्वार से कल युवा छात्रों ने वन्दे मातरम के जयकारे लगाए और वन्दे मातरम के गान से क्षेत्र गूंज उठा। यह यात्रा विश्वविद्यालय से राजीव गांधी प्रतिमा होते हुए पुनः भंवरकुआं पर पूर्ण हुई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत भी हुआ। छात्रों की इस बड़ी तिरंगा यात्रा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, आकाश विजयवर्गीय, जीतू जिराती, हरिनारायण यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## गांधी भवन में कल सुबह ध्वजारोहण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के नीचे शहर और जिला कांग्रेस का ध्वजारोहण संयुक्त रूप से होगा। अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, डॉ. दौलत पटेल, कोषाध्यक्ष शैलेश गर्ग ने इस ध्वजारोहण में कांग्रेसियों से शामिल होने की अपील की है।



# निगम का एआरओ निकला करोड़पति

## लोकायुक्त ने मारा जितेंद्र पांडे के निवास पर छापा कमाई की तुलना में करोड़ों रुपए की संपत्ति मिली



**80 लाख की आय के सामने 2.53 करोड़ का खर्च**

**लोकायुक्त की गणना के मुताबिक जितेंद्र कुमार पांडेय को पूरे सेवाकाल में करीब 80 लाख रुपए का अनुमानित वेतन प्राप्त हुआ। इसके मुकाबले अब तक करीब 2 करोड़ 53 लाख रुपए का खर्च सामने आया है। यानी आय की तुलना में करीब 1 करोड़ 73 लाख 8 हजार 69 रुपए अधिक खर्च का अंतर पाया गया है। जांच एजेंसी के अनुसार यह अंतर करीब 216.35 प्रतिशत अनुपातहीन संपत्ति के रूप में सामने आया है। जांच अभी जारी है।**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर नगर निगम का सहायक राजस्व अधिकारी ए आर ओ करोड़पति निकला है। लोकायुक्त पुलिस के द्वारा मारे गए छापे में उसके पास कमाई की तुलना में करोड़ों रुपए की संपत्ति मिली है। इस अधिकारी के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस के द्वारा आय के अनुपात से ज्यादा संपत्ति का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

लोकायुक्त पुलिस को इंदौर के नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत की प्रारंभिक जांच में शिकायत को लेकर सच्चाई सामने आई। इस हकीकत के उजागर होने के बाद लोकायुक्त पुलिस के द्वारा इस अधिकारी के ठिकानों पर छापा मारने का फैसला लिया गया। लोकायुक्त की टीम ने इस अधिकारी से जुड़े इंदौर के दो ठिकानों पर आज सुबह एक साथ सर्चिंग शुरू की है। कार्रवाई के दौरान अधिकारी और उसके परिवार के नाम पर मौजूद संपत्ति, भवन निर्माण, वाहन और अन्य खर्चों से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

इस अधिकारी ने करीब 31 वर्ष के सेवाकाल में अपनी आय की तुलना में अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की। जांच में उनकी कुल अनुमानित वैध आय करीब 80 लाख रुपए आंकी गई है, जबकि अब तक सामने आए रिकॉर्ड के आधार पर करीब 2 करोड़ 53 लाख रुपए का व्यय पाया गया है। इस हिसाब से खर्च वैध कमाई से करीब 1 करोड़ 73 लाख रुपए अधिक बताया गया है। लोकायुक्त की जांच में उक्त अधिकारी की पत्नी भावना पांडेय के नाम आनंद नगर एक्सटेंशन, नवलखा-चितावद, गजाधर नगर क्षेत्र में 40×50 के प्लॉट नंबर 23 पर जी+3 मंजिला भवन का निर्माण कराया गया है। जांच एजेंसी के मुताबिक इस भवन के निर्माण पर करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए खर्च होना पाया गया है। अब लोकायुक्त की टीम यह पता लगाने में जुटी है कि भवन निर्माण में रकम कहां से आई और इसका भुगतान किस माध्यम से किया गया।

जांच का दूसरा बड़ा मामला गजाधर नगर, चितावद स्थित गुलमोहर का बगीचा क्षेत्र का सामने आया है। यहां भूखंड क्रमांक 32 पर अधिकारी की पत्नी के नाम जी+2 मंजिला भवन निर्मित होने की जानकारी जांच में मिली है। इस भवन में छात्रावास संचालित किया जा रहा है। लोकायुक्त के अनुसार इस भवन के निर्माण पर करीब 91 लाख 50 हजार रुपए खर्च किए जाने का अनुमान है। जांच एजेंसी अब छात्रावास से जुड़े दस्तावेज और संपत्ति निर्माण में लगाए गए धन के स्रोत की भी पड़ताल कर रही है।

इस अधिकारी के परिवार की संपत्ति का दायरा केवल भवनों तक सीमित नहीं है। प्रारंभिक जांच में पत्नी, पुत्र और पुत्री के नाम चार पहिया और दो पहिया वाहन खरीदने सहित अन्य खर्चों पर करीब 14 लाख रुपए व्यय किए जाने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त की टीम अब इन सभी संपत्तियों और खर्चों को अधिकारी के सेवाकाल के दौरान उन्हें मिले वेतन से जोड़कर देख रही है।

# जैन संतों के अंतिम संस्कार के लिए भूमि की उठी मांग

## सामान्य श्मशान घाट पर नहीं किया जाता है अंतिम संस्कार, अन्य समाजों के लिए श्मशान घाट, कब्रिस्तान की व्यवस्था है वैसी ही जैन समाज के लिए अलग हो

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दो दिन पहले जैन समाज के संत के निधन के बाद उनका अंतिम संस्कार सार्वजनिक बगीचा में किया गया था वह मामला चर्चा में बन गया था। इस मामले में निगम आयुक्त ने भी अंतिम संस्कार को गलत बताकर कहा था कि इस मामले में जांच कराई जा रही है। अभी इस मामले में कोई जांच रिपोर्ट नहीं आई है और इधर जैन समाज के प्रवक्ता की भूमिका निभाने वाले राजेश जैन दद्दू ने जैन समाज की ओर से मांग की है कि समग्र जैन संतों के अंतिम संस्कार के लिए इंदौर में स्थाई भूमि आरक्षित की जाए।

जैन संत के निधन के बाद अंतिम संस्कार के स्थान की व्यवस्था चुनौती बन जाती है। राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि जैन परंपरा के अनुसार सामान्य श्मशान में नहीं होती है। जैन ने इंदौर ही नहीं बल्कि भोपाल, जबलपुर, सागर, अशोक नगर, गुना में जैन संत के अंतिम संस्कार के लिए स्थाई भूमि की मांग की है। राजेश जैन ने बताया कि राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन समाजिक सांसद एवं सकल जैन समाज के राकेश गोहिल, मंयक जैन, फेडरेशन मनोहर झांझरी, नवीन गोधा ने कहा कि जैन संतों के देहावसान के पश्चात अंतिम क्रिया हेतु उपयुक्त स्थान की व्यवस्था करना समाज के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जैनेन्द्र जैन ने कहा कि जैन परंपरा के अनुसार संतों का अंतिम संस्कार सामान्य श्मशान घाट पर नहीं किया जाता। इसके लिए पवित्र, एकांत एवं गरिमामयी स्थान आवश्यक होता है। पूर्व में भी इंदौर में अनेक बार इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है, जब अंतिम क्रिया के लिए स्थान खोजने में कठिनाई आई थी। मयंक जैन ने कहा कि संत के निधन के बाद तात्कालिक रूप से भूमि की व्यवस्था करना पड़ती है, जिससे काफी प्रशासनिक दिक्कतें आती है। धार्मिक विधि विधान से अंतिम संस्कार को सम्पन्न करने में भी बाधा उत्पन्न होती है। इसीलिए समग्र जैन समाज ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि महानगरों में जैन संतों के अंतिम संस्कार हेतु एक स्थायी 'संस्कार भूमि' आरक्षित सरकार द्वारा या प्रशासन द्वारा दी जाए। इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा और जैन परंपराओं के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम क्रिया सम्पन्न हो सकेगी। दद्दू ने कहा कि समग्र जैन समाज का मानना है कि जिस प्रकार अन्य धर्मों एवं संप्रदायों के लिए अलग-अलग श्मशान/कब्रिस्तान की व्यवस्था है, उसी प्रकार जैन धर्म संस्कृति के हिसाब से साधु-संतों की विशेष परंपरा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा शीघ्र भूमि आवंटित की जानी चाहिए। वर्तमान में चल रहे शहर में अनेक जगह वर्षायोग सेवा समिति ने कहा है कि इस विषय पर शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को इस समस्या का सामना न करना पड़े।

## मुख्यमंत्री ने संसद यूथ पार्लियामेंट को किया संबोधित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल विधानसभा भवन स्थित विधान परिषद भोपाल में आयोजित 'संसद यूथ पार्लियामेंट 2026' का शुभारम्भ किया और सम्बोधन भी दिया। इस यूथ पार्लियामेंट में 12 राज्यों और 58 नगरों के युवा शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा, डॉक्टर-इंजीनियर बनने के साथ ही राजनीति में आकर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं, देश के युवाओं को लोकतंत्र, संसदीय परम्परा और नीति निर्माण से जोड़ने की पहल अनुकरणीय है। यादव ने कहा कि देश के युवाओं को राजनीति में आकर अपनी सक्रिय भागीदारी करनी होगी। युवा, डॉक्टर-इंजीनियर बनने के साथ ही राजनीति में आकर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। देश की आजादी के लिए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आईसीएस की परीक्षा पास करने के बाद नौकरी ठुकराकर अंग्रेजों को करारा जवाब दिया था। वे देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए स्वाधीनता के आंदोलन में कूद पड़े। देश के युवाओं को लोकतंत्र, संसदीय परम्परा और नीति निर्माण से जोड़ने की यह पहल अनुकरणीय है। देश का युवा भारत के भविष्य के लिए मंथन करने बैठा है। यह एक सुखद अनुभूति है। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर एवं दिलीप सूर्यवंशी सहित अन्य मौजूद थे। क्रार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. विकास महात्मे और पद्मश्री डॉ. विकास महात्मे, आयोजक विश्वजीत चोपड़े, देवयानी चोपड़े, वैशाली खोबड़े सहित अनेक युवा सदस्य उपस्थित थे।





# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थी देश भक्ति की वेशभूषा में पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



स्वतंत्रता दिवस का आयोजन कल किया जाना है, लेकिन एक सप्ताह से लगातार देशभक्ति का जूनून देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी दिखाई दे रहा है, ऐसे में विद्यार्थी भी पीछे नहीं रह रहे हैं। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में भी देश भक्ति का जज्बा विद्यार्थियों में नजर आया। नर्सरी से के.जी. सेकण्ड के मासूम विद्यार्थी देशभक्ति के लिए तिरंगा वेशभूषा में स्कूल पहुंचे और वहां उन्होंने देशभक्ति के गीत भी गाए और गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति भी दी। स्वतंत्रता के ऊपर उद्‌बोधन भी दिया गया। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर सहित अन्य मौजूद थे।

# माहेश्वरी दम्पतियों ने भोलेनाथ का अभिषेक कर माँ नर्मदा का किया पूजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माहेश्वरी रॉयल्स से जुड़े दम्पति सदस्यों ने बड़वाह पहुंचकर समीप के गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किए। पहले माँ नर्मदा का पूजन कर स्नान किया और फिर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया और विशेष श्रृंगार भी किया। दम्पतियों ने इस धार्मिक यात्रा में धार्मिक लाभ लिया। कमलेश सीमा गगरानी, बृजमोहन शोभा राठी, प्रदीप लता राठी, राकेश राज महेश्वरी, अशोक आशा अजमेरा, आशीष आभा मंत्री, सुरेश मधु जाजू, मधुसूदन अलका सोडानी, सुरेश सुषमा चिंचानी, शरद सरला साबू मौजूद थे।



# भक्तामर और भारतीय चित्रांकन ग्रंथ का विमोचन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जैन कालोनी प्रवचन हॉल में आचार्य सुनील सागर म.सा. और संघ के सानिध्य में भक्तामर और भारतीय चित्रांकन ग्रंथ का विमोचन हुआ। इन्द्रकुमार वीणा सेठी, टीके मंजू वेद, देवेन्द्र सेठी, कैलाश लुहाडिया, तल्लीन बडजात्या, ओम पाटोदी, पवन पाटोदी, सनत गंगवाल, प्रदीप बिलाला, गिरिश पाटोदी, महेन्द्र लुहाड़िया सहित अन्य मौजूद थे।

# जैन समाजजन रहेंगे गोद भराई में मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बीसपंथी मंदिर, मल्हारगंज में आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के पावन कर-कमलों से दीक्षित होने जा रहे दीक्षार्थी ब्रह्मचारी भैयाओं की भव्य गोद भराई का कार्यक्रम 17 अगस्त की सुबह 8.30 बजे आयोजित होगा। मनमोहन झांझरी ने उक्त जानकारी दी।



# मुनिसुव्रत स्वामी जाप अनुष्ठान में गूंजे 10 लाख मंत्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आचार्य सम्राट श्री आनंदऋषिजी महाराज की जन्म जयंती पर अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. श्री कुमुदलताजी म.सा. के आदिठाणा-4 के सानिध्य में भगवान मुनिसुव्रत स्वामी का महामंगलकारी जाप अनुष्ठान आयोजित किया गया। अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से कुल 10 लाख मंत्र जाप किए। कई लाभार्थी परिवार भी मौजूद रहे उनका स्वागत भी किया गया। आभार प्रकाश भटेवरा ने माना। पुलिस अधिकारी डॉ राजेश दंडोतिया,शिक्षाविद अवधेश दवे भी उपस्थित हुए। रेणु जैन ने उदबोधन दिया।

# दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षण महासभा की साधारण सभा में पदाधिकारी भी तय किए गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ महासभा की साधारण सभा लश्करी दिगंबर जैन मंदिर गोराकुंड में पर आयोजित हुई। मंगलाचरण के बाद महासभा के कार्यों और आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी गई। प्राचीन मंदिरों के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सहयोग और दान आदि का संकल्प लिया गया। देवेन्द्र सेठी, इंद्रकुमार सेठी, टी.के. वेद, ओम पाटोदी, रेखा संजय जैन, कैलाश लुहाडिया, राकेश पाटनी मौजूद थे। रेखा संजय जैन को इंदौर नगर कार्यकारिणी में क्षेत्रीय संयोजक पद पर मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी में सीए मौसम शाह, रुपेश बड़जात्या, सुनील बांझल, रेखा संजय जैन, रवि जैन, सुमित सेठी, डॉ. अभिषेक सेठी, विजेंद्र सोगानी, पुष्पेंद्र वेद, सुनील गोधा, भावना गोधा, नलिनी पंकज पहाड़िया, सतीश कासलीवाल, राकेशकुमार जैन, नीलेश जैन, रविंद्र जैन, सुनील जैन, अवि पाटोदी, अविनाश जैन, भरत जैन, प्रमिला पाटनी, दिलीप पाटनी, सुशील पंतग्या, महावीर सेठ, आनंद पहाड़िया, विनोद जैन, श्रीपाल जैन, प्रदीप बिलाला, मयंक जैन को मनोनीत किया गया है। नए पदाधिकारियों को बधाई भी दी गई।



# दिव्यांग तिरंगा यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

भाजपा नेता दीपक जैन टीनू की संस्था सार्थक के बैनर तले स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले आज दिव्यांग तिरंगा यात्रा का आयोजन कोठारी मार्केट पार्किंग से गांधी हॉल तक किया गया। दिव्यांगजन अपनी व्हीलचेयर के साथ राष्ट्र भक्ति का अलख जगाने तिरंगा हाथ में लेकर पहुंचे। इस अवसर पर संस्था सार्थक के अंकित रावल, प्रिंस जोशी, तुषार गावड़े, कमलेश जोशी, तुषार मिश्रा, केशव पोरवाल, आनंद बोकड़िया, शिवांग बागड़िया उपस्थित रहें। आयोजन से व्हीलचेयर डिसेबल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के शहजाद अली भी जुड़े हुए थे।

# जैन संत का कल राष्ट्र के नाम संदेश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आचार्य 108 सुनील सागर म.सा. और संघ का चातुर्मास के दौरान कल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर जैन कालोनी से सुबह 6.30 बजे विहार होगा और सुबह 7.20 बजे तिरंगा यात्रा रामशाह मंदिर मल्हारगंज से जैन समाजजनों के साथ शुरू होगी, जो राजवाड़ा पहुंचेगी। राजवाड़ा पर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण राष्ट्रगान के बाद, सुबह 8.15 बजे प्रवचन और राष्ट्र के नाम संदेश संत द्वारा दिए जाएंगे। नेमीनगर दिगम्बर जैन समाज, सामाजिक संसद, पंच लश्करी गोठ ट्रस्ट, रामशाह मंदिर संस्थान, मोदीजी की नसिया सहित अन्य संस्था जुड़े हुए हैं।



# जैन महिलाओं का हरियाली संग संस्कारों के रंग' कार्यक्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्राकृताचार्य पट्टाचार्य श्री 108 सुनील सागर म.सा. के सान्निध्य में श्री दिगंबर जैन समाज, नेमीनगर जैन कालोनी के तत्वावधान में आयोजित इंद्रपुरी चातुर्मास उत्सव के अंतर्गत नेमीनगर जैन कालोनी में नेमिनाथ महिला मंडल ने महिलाओं के लिए विशेष 'हरियाली संग संस्कारों के रंग' कार्यक्रम का आयोजन किया। वीणा सेठी, कल्पना जैन, स्मिता गंगवाल, ज्योति सेठी, सरिता जैन, दीपिका गंगवाल, सोनल पहाड़िया एवं आयुषी बाकलीवाल, रुचिता सेठी मौजूद थी।

# गुटकेश्वर महादेव की शाही सवारी का बप्पा को निमंत्रण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।



गुटकेश्वर महादेव किला मैदान की सावन मास में हर बार शाही सवारी निकाली जाती है, इस बार यह शाही सवारी 24 अगस्त को लवाजमे के साथ निकाली जाएगी, बड़ी संख्या में भोले भक्त मौजूद रहेंगे। इस आयोजन का पहला निमंत्रण खजराना गणेश बप्पा को दिया गया।



# इंकलाब जिंदाबाद...

# मासूम बनी भगत सिंह

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। कल स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा, इससे पहले आज कई स्कूलों में मासूम स्वतंत्रता सेनानी बनकर पहुंचे। नर्सरी मोंटेसरी की विद्यार्थी लाभांशी आगार भगत सिंह बनकर पहुंची। इंकलाब जिन्दाबाद का नारा भी लगाया।

## अग्रसेन न्यास 742 छात्रों को देगा 55 लाख की आर्थिक सहायता

### दो दिन बाद गीता भवन में होगा शिक्षा दान महादान आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महाराजा अग्रसेन पारमार्थिक न्यास द्वारा रविवार 16 अगस्त को सुबह 11 बजे गीता भवन सभागृह में अग्रवाल समाज के 742 होनहार छात्रों को 55 लाख से अधिक की सहायता राशि का वितरण किया जाएगा। न्यास द्वारा इस बार इस शिक्षा सत्र में 12वीं कक्षा तक के 742 छात्रों को शिक्षा सहायता के लिए चयन किया गया है जिन्हें न्यास की ओर से शिक्षा सहायता प्रदान की जाएगी। आयोजन में विनोद अग्रवाल, अरविन्द बागडी, राम ऐरन, दिनेश मित्तल,टीकमचंद गर्ग, विमल तोडी, प्रकाश अग्रवाल, सहित अन्य मौजूद रहेंगे। प्रतीक स्वरूप कार्यक्रम में करीब 100 बच्चों को राशि वितरित की जाएगी। शेष बच्चों को सहायता राशि सीधे उनके स्कूलों को भेजी जाएगी।

## श्रेया बेड़िया मिस यूनिवर्स इंडिया के ताज की प्रबल दावेदार

### मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय मंच पर दिलाई नई पहचान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता जैसे-जैसे अनवाइंड रिज़ॉर्ट, इंदौर में आगे बढ़ रही है, मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहीं राष्ट्रीय फाइनलिस्ट श्रेया बेड़िया अपने राज्य की संस्कृति, विरासत और पहचान को देश के सबसे प्रतिष्ठित पेजेंट मंचों में से एक पर गर्व के साथ प्रस्तुत कर रही हैं। फैशन, उद्देश्य, उद्यमिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनूठा संगम उनकी यात्रा को मिस यूनिवर्स इंडिया के प्रतिष्ठित ताज की एक प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर रहा है। श्रेया के लिए इस वर्ष की प्रतियोगिता विशेष महत्व रखती है। प्रतियोगिता का एक बड़ा हिस्सा उनके गृह नगर इंदौर में आयोजित हो रहा है, जिससे मंच पर उनका हर कदम, हर प्रस्तुति और हर क्षण अपने शहर और राज्य को समर्पित एक गौरवपूर्ण अभिव्यक्ति बन गया है। 'मिस यूनिवर्स इंडिया के मंच पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। इस यात्रा का मेरे अपने शहर इंदौर में होना इसे और भी भावनात्मक बना देता है। मंच पर मेरा हर कदम अपने साथ मेरे प्रदेश के सपनों, संस्कृति और आत्मा को लेकर चलता है।'



## स्कूल में जागरूकता वर्कशाप

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अल-हिरा पब्लिक स्कूल चंदन नगर में डिजिटल डिटॉक्सीफिकेशन विषय पर जागरूकता वर्कशॉप बच्चों और किशोरों में बढ़ते स्क्रीन टाइम, मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम द्वारा अपनी डिजिटल डिटॉक्सीफिकेशन मुहिम का आग़ाज़ डॉ. कश्यप शाह द्वारा किया गया। याकूब मेनन ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। संचालन समीर अंसारी ने किया।

## आज शाम देशभक्ति पर कवि सम्मेलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आर्य समाज महू द्वारा लुनियापुरा स्थित आर्य समाज मंदिर महू में एक शाम शहीदों के नाम शाम 7 बजे आयोजित की जाएगी। आयोजन से प्रकाश आर्य, राधेश्याम बियाणी, श्रीधर गोस्वामी, रामलाल प्रजापति, ओमप्रकाश आर्य, अश्विनी शर्मा, राजेश नेनावा, वेदप्रकाश आर्य एवं द्रोणाचार्य दुबे सहित अन्य जुड़े है।

## तिरंगा यात्रा में कल जैन समाजजन होंगे शामिल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री शीतलनाथ मणिभद्र जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट द्वारा कल शनिवार 15 अगस्त को सुबह 8 बजे साध्वीवर्या प्रियमरसा म.सा. एवं श्रियमरसा म.सा. की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में द्वारकापुरी मंदिर से फूटी कोठी तक तिरंगा यात्रा एवं देशभक्ति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कल सुबह 9.30 बजे पुखराज पैलेस में देशभक्ति का आयोजन भी होगा। नाटिका का मंचन भी किया जाएगा। आयोजन से सुशील कुकडा, चेतन भंडारी, कमलेश कोठारी, डॉ. अनिल बाफना, राजेंद्र जैन, विनोद बावेल, कैलाश नाहर सहित अन्य जुडे हुए है।

## मारू प्रजापति संस्था की साधारण सभा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री मारू प्रजापति सहकारी साख संस्था मर्यादित की वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। आय-व्यय की प्रस्तुति हुई। 9प्रतिशत लाभांश वितरण करने की आमसभा में स्वीकृति पश्चात घोषणा की गई। रामचंद्र लिम्बोदिया, डीपी खरैया, दिलीप मरमट, सुयश शर्मा, प्रदीप रैकवार, बालकृष्ण छापरवाल, दौलतराम सुवटा, मुकेश प्रजापत, सोहनलाल पटवारी सहित अन्य मौजूद थे।



## शिव अराधना महोत्सव में 251 युगल लेंगे भाग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रविवार 16 अगस्त को दोपहर 3 बजे से छोटा बांगडदा, एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट परिसर में श्री शिव आराधना महोत्सव का अनुष्ठान होगा जिसमें 251 शिवभक्त दम्पत्ति सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में भगवान शिवाशिव की आराधना और उपासना करेंगे।

## कॉलेज के एलुमनी ग्रुप की धार्मिक यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



गुजराती आर्ट एंड लॉ कॉलेज स्टूडेंट्स एलुमनी ग्रुप के 34 सदस्यों ने धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के तहत त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग और एलोरा की यात्रा की। प्रवीण नागदिवे, मनीष नागदिवे, शैलेन्द्र बघेल, के एल मीणा, रूपेश यादव, जगदीश पटेल, गोपाल बोरसी, सुषमा बन्दावड़े, नित्या बन्दावड़े, डॉ. अर्चना वैद्य, रंजना उपाध्याय, सारिका सिंह, जया महाडिक, पिंकी यादव, आराध्या यादव, विभूति यादव, शीला कैथवास, अंशुमान व्यास, राकेश अहिरवार,देवनारायण पांचाल, राजेश सुनहरे, योगेश पांचाल, राधा पांचाल, पुष्कर पांचाल, खुशबू पांचाल, जितेंद्र गुप्ता, वर्षा गुप्ता, श्रृष्टि गुप्ता, सुदर्शना काले, रोहित पटेरिया, सुशील वर्मा, जितेंद्र कुशवाह, राजकुमार जायसवाल, मुरली भोजक, दीपाली कुलकर्णी शामिल रहे।

## संस्था जीवन प्रवाह का पौधारोपण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पर्यावरण के क्षेत्र में विगत 17 वर्षों से सतत कार्यरत संस्था जीवन प्रवाह ने बिजासन स्थित वन रोपणी में नीम, बड़, पीपल, अश्वगंधा, आंवला सहित अन्य धार्मिक पर्यावरण रक्षक औषधिय गुणो से परिपूर्ण विकसित पौधों का रोपण किया। धर्मेंद्र चौधरी, राधेश्याम चौधरी एवं संस्था के प्रकाश सोनी, राजेन्द्र स्वर्णकार, ब्रजेद्र नीमा, भारती नीमा, विश्वास गुप्ता का सहयोग रहा।



## जर्नलिस्ट फोरम ने की संगीत संध्या



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में संगीत संध्या गीत गाता चल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में 20 से अधिक मीडियाकर्मियों और कलाकारों ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी। लोकेन्द्रसिंह थनवार, प्रवीण जोशी ने बताया कि अलिशा मैथ्यू ने खाटू श्याम बाबा के भजन की प्रस्तुति से शुरुआत के बाद मयंक थनवार, सुरेश दुबे, मनीष श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, सुमित मुस्ताफी, अश्विनी दीपक, सुधीर वर्मा, अनुमति शर्मा, सुल्तान किरमानी, दिनेश ख़रे, ओमप्रकाश भारती, प्रवीण खारीवाल, सौरभ सुराणा, रमेश कुशवाह, स्नेहा गंधे ने प्रस्तुतियां दी। गायकों को तुलसी पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लोकेन्द्रसिंह थनवार, प्रवीण जोशी, सरिता शर्मा, सारिका दीक्षित, दीपक कर्दम, अरविंद तिवारी, डॉ. महेश साहू, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा, श्रुति राजीव शर्मा, पुरुषोत्तम वाघमारे, मंगल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## अग्रसेन सोशल ग्रुप ने 18 महिलाओं को दी सिलाई मशीन

### स्वावलंबन की ओर बढ़े कदम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला के तहत गीताभवन में 18 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त करना है। अतिथि अरविन्द बागडी, महामंडलेश्वर चेतन स्वरूप थे। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, संजय मंगल, कमलेश मित्तल, राजू बंसल, राजकुमार बंसल, सत्येन्द्र जोशी, सतीश गोयल, शशि गर्ग, प्राची गर्ग मौजूद थे।

# अब जू में बनेगा छोटा-सा तालाब, दर्शकों को दिखेंगी बतख

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में दर्शकों के लिए चलने वाली बैटरी वाली कार के लिए अब ब्लॉक लगाने से रास्ता पहले से आसान और सुगम हो गया है। जिसका बड़ा फायदा यह होगा कि अब बैटरी वाली कार पूरे चिड़ियाघर में कहीं भी चलाने में अब पूरी तरह से आसानी होगी। जू के सभी प्रमुख 6 रास्तों में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है। वहीं बताया जा रहा है कि जू प्रबंधन द्वारा इस कार्य पर करीब डेढ करोड रुपए के आसपास खर्च किए जा रहे है। इससे अब कीचड़ और मिट्टी की बजाय अब पूरे रास्ते एक जैसी इंटरलाकिंग डिजाइन वाले ब्लॉक लगाने से जू की खूबसूरती में भी चार चांद लग गए है साथ ही बुजर्गो और बच्चों का भी बैटरी कार में और आरामदायक सफ़र होगा।

**बैटरी कार के लिए इंदौर जू में रास्ता हुआ सुगम, सभी प्रमुख रास्तों पर ब्लॉक लगाकर मार्ग किया आसान**



### जू में अब दर्शकों के लिए 'बतख वाला तालाब' होगा आकर्षण का केंद्र

इसके अलावा जू में नवीन भव्य प्रवेश द्वार का भी नवीनीकरण कार्य के तहत रंग रोगन भी बदलकर ग्रीन कर दिया गया है। जिसका पुराना रंग रूप भी चेंज हो गया है। इसके अलावा अब जू में बतख के लिए एक छोटा-सा नया आकर्षक दिखने वाला तालाब भी तैयार होगा। जिसमें दर्शकों को कई अलग-अलग तरह की एक से बढ़कर एक बतख देखने को मिलेगी। यह जू आने वाले दर्शकों के लिए एक नया आकर्षण का केंद्र होगा। जिसमें हंस, पनर्मुगी, जलमुर्गी, जलकाग, पेलिकन, सारस और अन्य एक से बढ़कर एक पक्षियों और बतखों को लाने की तैयारी की जा रही है, जो दर्शकों को आने वाले दिनों में जल्द नजर आएगा।

# 100 किलो प्रतिदिन गीला कचरा निकालने वालों को करनी होगी वेस्ट रीसायकल की व्यवस्था

**नगर निगम ऐसे वेंडर उपलब्ध करवाएगा जो गीले कचरे का निपटान करें और उसके छोटे संयंत्र स्थापित करें**

**इंदौर।** शहर में वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन होने जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम, 2026, 1 अप्रैल 2026 से पूरे भारत में प्रभावी हो चुके हैं। इसी के तहत अब शहर में ऐसे गीला कचरा निकलने वाले संस्थान रहवासी समिति को वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी इसके लिए वे दो तरीके से वेस्ट प्रबंधन को पूरा कर सकेंगे। जिसका पहला तरीका किसी एजेंसी को गीला कचरा समिति द्वारा दिया जाएगा जो उसको रीसायकल करेगी इसके लिए वह कंपनी समिति से अपना चार्ज लेगी। इसके अलावा समिति खुद कॉलोनी या प्रतिष्ठान अपना वेस्ट प्रबंधन संयंत्र अपने परिसर में स्थापित कर सकेंगे।

मतलब स्पष्ट है कि शहर में अब बड़े संस्थान जो की 100 किलो से अधिक कचरा प्रतिदिन निकलते हैं उनका कचरा नगर निगम द्वारा नहीं उठाया जाएगा वह एजेंसी के माध्यम से अपना कचरा उठा सकेंगे या फिर खुद अपना वेस्ट प्रबंधन प्लांट अपने परिसर में लगाएंगे। इसलिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और रीसायकल की जिम्मेदारी नगर निगम की कम होगी। केवल पुराना आवासीय क्षेत्र जहां रहवासी सोसाइटी या नहीं है, उन क्षेत्रों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होगा। इंदौर नगर निगम द्वारा ऐसे वेंडर्स को आमंत्रित किया गया है जो डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन करके अपना बायो सीएनजी प्लांट स्थापित करें और वेस्ट प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाएं। इसके अलावा ऐसी एजेंसियां भी आमंत्रित की गई है जो वेस्ट प्रबंधन प्लांट परिसर में स्थापित करने और संचालित करने में सक्षम हो। हालांकि वेस्ट प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ इस मामले में बताते हैं कि कचरे के प्रबंधन की जिम्मेदारी व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा उठाए जाने की बात समझ में आती है क्योंकि वह बायो कंपोस्ट प्लांट के साथ रीसायकल प्लांट भी स्थापित कर सकते हैं क्योंकि वेस्ट मैनेजमेंट पर नगर निगम को दिए जाने वाला पैसा वह प्लांट स्थापित करने और उसको संचालित करने में लगा सकते हैं लेकिन रहवासी संगठन इसको कितना कर पाएंगे यह मुश्किल है क्योंकि वर्तमान में तो नगर निगम को वेस्ट कलेक्शन का पैसा भी नहीं मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर फिलहाल राजनीतिक और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विषय को लेकर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। वह नए नियमों को लेकर किस प्रकार से आम लोगों और जन भागीदारी के साथ काम करेंगे। साथ ही शहर के लोगों के लिए क्या मुनासिब होगा। इसको लेकर अलग-अलग मंचों पर अभी चर्चा होना बाकी है।

मामले में अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि फिलहाल नगर निगम का पूरा जोर 100 किलो से अधिक कचरा प्रतिदिन निकालने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर है क्योंकि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और इसके वेस्ट मैनेजमेंट की कास्ट दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसीलिए ऐसे कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थान अपने वेस्ट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी स्वयं उठाएंगे जिसमें नगर निगम सहयोगी की भूमिका अदा करेगा। फिलहाल हमने ऐसी एजेंसियों को आमंत्रित किया है जो 100 किलो से अधिक कचरा निकालने वालों को अपनी सेवाएं उपलब्ध करवा सकें चाहे वह डोर टू डोर ऐसे संस्थानों से गीला कचरा सूखा कचरा कलेक्ट करने के बाद इसके निपटान की व्यवस्था अपना स्वयं का प्लांट लगाकर करना चाहती हैं या फिर स्वयं कैसे प्रतिष्ठानों में प्लांट स्थापित करने और उसके संचालन के लिए अपनी सेवाएं दे सकें। अब इस क्षेत्र में काम करने के लिए कितनी एजेंसियां रुचि जताती है वह आने वाले समय में पता चलेगा।

# लाला का बगीचा से कबूतर चौक तक नई सड़क की बारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत लाला का बगीचा से लेकर कबूतर चौक डोंगरे पॉइंट तक अब लंबे अंतराल के बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर विधायक महेंद्र हार्डिया के लगातार प्रयासों से अब जाकर क्षेत्र की विभिन्न गलियों में लंबे समय के बाद नई सड़कों का काम शुरू होगा। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों और यहां से रात-दिन आने-जाने वालों को क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर कहा जा रहा है कि जल्द यहां सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है।

**वार्ड 45 की विभिन्न गलियों में शुरू होगा क्षतिग्रस्त सड़कों का काम**

**नई सड़क बनने से बस्ती क्षेत्र में कीचड़ से मिलेगी लोगों को राहत-** वहीं बड़ी बात यह है कि लाला का बगीचा और कबूतर चौक के साथ डोंगर पॉइंट चौराहे तक नई सड़क निर्माण से लोगों को कीचड़ और गंदगी से बड़ी राहत मिलेगी। वहीं लंबे समय बाद नई सड़क से बस्ती क्षेत्र में लोगों के घरों के सामने अभी बरसों पुरानी सड़क के लेवल गड़बड़ होने के कारण घरों में बारिश का पानी भी नहीं घुसेगा। जबकि सालों पुरानी सड़क का लेवल गड़बड़ होने से हालत यह है कि कई घरों में तेज बारिश के दौरान लोगों के घरों के सामने पानी भरा रहने की शिकायत भी रहती है। नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को ऐसी शिकायत से भी निजात मिलेगी। घर के सामने बारिश का पानी जमा नहीं होगा। साथ ही सड़क का लेवल एक जैसा होने से घरों में बारिश का पानी भी नहीं भर पाएगा।

# पंचशील नगर के रहवासियों ने की नई सड़क की मांग

### मामला वार्ड 54 का

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 54 के पंचशील नगर में फोटो स्टूडियो वाली गली में क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से रहवासियों को अगले माह में बेहद जल्द नई सड़क निर्माण की सौगात मिलने वाली है। वहीं दूसरी ओर न्यू पंचशील कॉलोनी भेरू बाबा मंदिर से लेकर प्रथम एकेडमी स्कूल वाली गली तक क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर नई सीमेंटेड सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। दरअसल उक्त सड़क की हालत बेहद खराब है। नर्मदा लाइन, ड्रेनेज लाइन की खुदाई के कारण सड़क की हालत इतनी खराब है कि वर्तमान में यहां से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। इसलिए क्षेत्र के रहवासी परिवारों द्वारा विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद महेश बसवाल से यहां पुरानी सड़क के बजाय नई सड़क की मांग करने की तैयारी लोगों द्वारा की जा रही है।



**पंचशील नगर की आधा दर्जन गलियों में पहले बन चुकी नई सड़कें -** गौरतलब है कि वार्ड 54 के अंतर्गत आने वाली पंचशील नगर क्षेत्र की करीब आधा दर्जन गलियों में क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से नई सीमेंटेड सड़कें बनकर तैयार हो गई है। वही आप लोगों की मांगे की न्यू पंचशील कॉलोनी में भैरू बाबा मंदिर से लेकर प्रथम एकेडमी स्कूल तक नई सड़क की सौगात भी जल्द मिल जाए ताकि लोगों को कीचड़ और गंदगी से राहत मिले। जिसको लेकर रहवासियों द्वारा क्षेत्रीय पार्षद और विधायक से उक्त सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। जबकि पंचशील नगर में स्टूडियो वाली गली में यह जल्द नहीं सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने वाला है जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

# अब मिलेगी नई सड़क की सौगात

## वार्ड 14 के ओम विहार कॉलोनी के रहवासियों को होगा लाभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 1 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 से जुड़े ओम विहार कालोनी के रहवासियों को अब बेहद जल्द नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात देने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम की ओर से निविदा भी जारी हो गई है। साथ ही उक्त सड़क निर्माण कार्य के लिए प्लानिंग के साथ विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। जिसके तहत ओम विहार कॉलोनी के गेट के पास से लेकर भीतर तक अब क्षेत्र के सैकड़ों रहवासियों को एक जैसी नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम आधिकारियों द्वारा क्षेत्र की उक्त सड़क निर्माण का कार्य अगले माह बेहद जल्द शुरू करने की भी तैयारी की जा रही है, ताकि लोगों को जल्द ऊबड़-खाबड़ कीचड़ वाली सड़क से राहत दिलाकर नई सड़क की सुविधा और सौगात दी जाए, जिसको लेकर शुरुआत हो चुकी है।

### लंबे समय से थी प्लानिंग अब शुरू होगा काम

खास बात यह है कि उक्त सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा लगातार क्षेत्री पार्षद और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मांग की जा रही थी। जिसको लेकर मंत्री और पार्षद की अनुशंसा पर निगम में फाइल मंजूरी के लिए लगाई गई थी। वहीं अब मंजूरी मिलते ही अगले माह में जल्द काम शुरू हो जाएगा। जिसका फायदा क्षेत्र के रहवासी परिवारों को आने वाले दिनों में मिलेगा। कॉलोनी में जाने के लिए अब लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के रहवासियों के साथ यहां आने जाने वाले लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा।



संपादकीय

## संसद में हंगामा, बिना बहस विधेयक: क्या महज औपचारिकता बन गया है सदन?

जिस तरह जनहित से जुड़े मामलों पर विधेयकों को बिना बहस या चर्चा के ही पारित कर दिए जाने की परंपरा चल पड़ी है, उसका सीधा असर जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की सेहत पर पड़ेगा। सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध कायम रहने की वजह से कार्य उत्पादकता लोकसभा में महज उन्नीस फीसद और राज्यसभा में उनतालीस फीसद रही। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद जनहित से जुड़े मुद्दों पर बहस का सर्वोच्च मंच होता है, तो ऐसे में सरकार और विपक्ष की जिम्मेदारी हो जाती है कि वे इसकी उपयोगिता और महत्व को कायम रखें। विडंबना यह है कि जब भी संसद का सत्र शुरू होता है, किसी न किसी मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच असहमति एक टकराव में तब्दील हो जाती है और दोनों सदनों का ज्यादातर समय बेकार चला जाता है। एक ओर विपक्षी पार्टियां सरकार से किसी मुद्दे पर जवाब की मांग करती हैं, तो दूसरी ओर सरकार आमतौर पर ऐसी मांगों की अनदेखी करने का रुख अख्तियार कर लेती है। नतीजतन, हंगामे और सदन को स्थगित किए जाने के समांतर विपक्ष के बहिर्गमन के बीच संसद की कार्यवाही महज औपचारिकता बन कर रह जाती है। जबकि इसी बीच सरकार अपनी सुविधा के मुताबिक ऐसे मसलों पर तैयार विधेयकों को भी बिना चर्चा के पारित करा लेती है, जिन पर विपक्षी दलों के विचार और व्यापक बहस की जरूरत होती है। इस सत्र में कई विधेयकों को पारित करने में इतना कम वक्त लगा, मानो उसके लिए महज औपचारिकता निभाई गई हो। सवाल है कि इस तरह की स्थितियों में संसद और लोकतंत्र की क्या अहमियत रह जाती है। मानसून सत्र के तीन सप्ताह जिस तरह सिर्फ हंगामे और विपक्ष के बहिर्गमन के दौरान बार-बार स्थगित होते हुए गुजर गए, उससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि क्या संसद को अब सिर्फ दिखावे का ठिकाना मान लिया गया है! वरना क्या वजह है कि एक ओर विपक्षी दलों की ओर से पूरे सत्र के दौरान नीट प्रश्नपत्र लीक, राम मंदिर दान राशि में कथित गड़बड़ी और विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस की कार्रवाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा गया, संबंधित और जिम्मेदार मंत्रियों से जवाबदेही की मांग की गई, वहीं सरकार ने इन मसलों पर एक विचित्र चुप्पी ओढ़े रखी। खासतौर पर दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बेरहमी और पैलेट गन चलाने के सवाल पर विपक्ष ने जवाब मांगा, लेकिन गृह मंत्री ने आखिरी दिन इसे लेकर थोड़ी सक्रियता दिखाई, जो प्रकारांतर से बेमानी साबित हुई। अगर यही रुख पहले जाहिर किया गया होता, तो संभव है कि संसद में कुछ मुद्दों और पेश किए गए विधेयकों पर बहस की गुंजाइश निकल पाती। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अलग-अलग मुद्दों पर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध कायम रहने की वजह से कार्य उत्पादकता लोकसभा में महज उन्नीस फीसद और राज्यसभा में उनतालीस फीसद रही। अब इस बात पर चिंता जताने में शायद सभी दल शामिल होंगे कि संसद की कार्यवाही नहीं चलने की वजह से करोड़ों रुपए बर्बाद हो गए। यह समझना मुश्किल है कि संसद की कार्यवाही के दौरान मुद्दों पर मत-विरोध उभरने, सदन स्थगित किए जाने या विपक्ष के बहिर्गमन के तमाम उदाहरण सामने रहते हुए भी सरकार की ओर से कोई ऐसी पहल नहीं दिखती कि वह सत्र की शुरुआत से पहले सभी विपक्षी दलों को विश्वास में ले और जरूरी मुद्दों पर चर्चा सुनिश्चित करे। जिस तरह जनहित से जुड़े मामलों पर विधेयकों को बिना बहस या चर्चा के ही पारित कर दिए जाने की परंपरा चल पड़ी है, उसका सीधा असर जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की सेहत पर पड़ेगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि संवाद, बहस या चर्चा संसद की कार्यवाही के जीवन तत्व हैं और इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सभी दलों की है, लेकिन इसके लिए सरकार की जवाबदेही ज्यादा बनती है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| | 148900 | 152290 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 228500 | 232400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# खाने की बात पर हुआ विवाद अगले दिन खूनी रंजिश में बदला

### आरोपियों ने लाठी-डंडों से किया हमला, 9 लोग घायल

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में खाने की बात को लेकर हुआ मामूली विवाद अगले दिन खूनी संघर्ष में बदल गया। रात में ग्रामीणों की समझाइश के बाद हुए समझौते के बावजूद दूसरे पक्ष ने पुरानी रंजिश रखते हुए सुबह एकजुट होकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों, रॉड और सरिए से किए गए इस हमले में एक ही पक्ष के 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, सीकर निवासी फरियादी हंसराज पिता सागरमल जाट की शिकायत पर आरोपी संदीप डावर, लखन गिरवाल, अंकित मकवाना, जय और उनके अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना की शुरुआत बीती रात खाने की बात को लेकर हुई थी, जब सत्यनारायण शर्मा का विवाद आरोपी बच्चू और लखन से हो गया था। उस समय आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था लेकिन आरोपी पक्ष रंजिश मन में बैठाए रहा। अगली सुबह आरोपियों ने फिर से विवाद शुरू कर दिया। जब हंसराज और उनके साथियों ने अकारण विवाद का विरोध किया तो आरोपियों ने अचानक लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और सरियों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया।

अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में हंसराज, कमल, छोटू, शंभु, सत्तु शर्मा, अर्जुन, फुल कुमार, भूमि और संजय को सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायलों को बचाया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# खजराना खेडी रोड निर्माण पर उठ रहे है सवाल

### एक माह पहले भी की थी शिकायत, निगम ने नहीं लिया संज्ञान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





नगर निगम के झोन क्रमांक 10 के वार्ड क्रमांक 40 स्थित खजराना खेड़ी क्षेत्र में हाल ही में बनी सीमेंट कंक्रीट सड़क के निर्माण में काम को लेकर उंगलियां उठा जा रही है। इस मामले में एक माह पहले भी लिखित शिकायत झोन पर निर्मल रोकडे द्वारा की गई थी। उन्होने यह भी कहा था कि बैस बनाने से लेकर कांक्रीट तक के सारे काम की वीडियो उनके पास मौजूद है। निर्मल रोकडे ने सीधा आरोप लगाया है कि उनकी शिकायत के एक माह से भी ऊपर हो चुका है और निगम ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और जांच को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है, इससे लगता है कि मिलीभगत से काम में अनियमितता हुई है और इससे भ्रष्टाचार भी प्रतीत होता है। निर्मल रोकडे ने कहा कि उन्होने 9 बिंदुओं के तहत जांच के लिए आवेदन दिया है जिसमें सड़क के सब-ग्रेड/सब-बेस की कुटाई, बेस की मोटाई, सरिया (स्टील रीइन्फोर्समेंट) के उपयोग और सामग्री के मिक्स डिज़ाइन के मापदंडों पर 9 बिन्दुओं के तहत निष्पक्ष जांच की मांग की गई थी। आरोप है कि बिना मानकों का पालन किए और मजबूत बेस तैयार किए बगैर ही कंक्रीट डाल दी गई, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों व पर्यवेक्षकों की चुप्पी और ठेकेदार पर कार्रवाई न होना, नगर निगम की लापरवाही तथा जनता के टैक्स के पैसों की सरेआम बर्बादी की ओर साफ इशारा कर रहा है। उक्त पूर्ण जानकारी निर्मल रोकडे ने दी।

## 135 से ज्यादा कार्यालय सहायक आवेदकों का दस्तावेज परीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में पिछले वर्ष परीक्षा के माध्यम से चयनित कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के सफल उम्मीदवारों के दस्तावेज परीक्षण का कार्य पोलोग्राउंड इंदौर में मुख्य अभियंता द्वारा गठित टीमों के माध्यम से किया गया। इसमें 62 युवाओं ने दस्तावेज परीक्षण कराया, कुछ ने स्वास्थ्यगत कारणों से शुक्रवार को दस्तावेज परीक्षण के लिए निवेदन किया, जिसे स्वीकार किया गया है। उधर ज्योति नगर उज्जैन स्थित कार्यालय में भी 75 अभ्यर्थियों ने दस्तावेजों का परीक्षण विधिवत कराया। इस तरह बिजली कंपनी में आगामी कुछ दिनों में करीब 145 युवाओं को कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे। इन पदों से बिजली कंपनी की कार्यालयीन व्यवस्थाओं को और सुचारू करने में आसानी होगी।

## लूटपाट करने वाले आरोपी पकड़ाए

**इंदौर।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र में सुल्लाखेड़ी ब्रिज पर युवक के साथ मारपीट कर कार व मोबाइल लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कार से पहुंचे थे और वारदात के दौरान विनोद के साथ जमकर मारपीट करने के बाद मौके से फरार हो गए थे। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में सर्चिंग शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस के हाथ अहम सुराग लगा कि वारदात में एक छत्तीसगढ़ (ण्ड) पासिंग कार का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। कार के नंबर और हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी और संदिग्धों तक पहुंच गई। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से लूटे गए सामान और वारदात में शामिल अन्य साथियों के संबंध में जानकारी जुटाने में जुटी है।

## पुलिस की तिरंगा बाइक रैली शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा तिरंगा बाइक रैली का आयोजन आज गिटार तिराहा पलासिया से किया जा रहा है।

## गुरुद्वारा में जांच शिविर लगेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गुरुद्वारा दशमेश दर्शन, बैराठी कॉलोनी में 16 अगस्त को निःशुल्क नेत्र एवं दृष्टि जाँच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। आयोजक सत्री राजपाल ने बताया कि आज के समय में मोबाइल, कंप्यूटर और प्रदूषण के कारण आँखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समस्या नहीं बढ़े इसलिए जांच कर उसके उपाय भी चिकित्सक बताएंगे।

## चाईल्ड एंड मिनी डिस्ट्रिक्ट फेंसिंग चैंपियनशिप 16 को

**इंदौर।** श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल और इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा 16 अगस्त को चाईल्ड एंड मिनी डिस्ट्रिक्ट फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष आर्य, मास्टर सईद आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में चाईल्ड एंड मिनी एज ग्रुप में फॉइल, ईपी और सेबर इवेंट के मुकाबले होंगे।

## रिक्शा चालक और पदाधिकारी करेंगे कल ध्वजारोहण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ, धर्म जागरण रक्षा समिति भगवा वाहन साथी ऐप एवं बजरंग सेना के संयुक्त तत्वावधान में कल सुबह 10 बजे फूटीकोठी चौराहा पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बड़ी संख्या में रिक्शा चालक संघ और सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहेंगे। वीरेन्द्र त्रिपाठी ने उक्त जानकारी दी।

# दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना में आवेदन जारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतीय डाक विभाग द्वारा फिलेटली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का अवसर मिलेगा, 22 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 6ठी से 9वीं के विद्यार्थियों को 6 हजार रुपये की छात्रवृत्ति में फिलेटली को प्रोत्साहन मिलेगा। इंदौर नगर संभाग में योजना के लिए विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक कक्षा से चयनित 10-10 विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए 6 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। योजना के लिए पात्रता के अनुसार आवेदक का संबंधित विद्यालय में संचालित फिलेटली क्लब का सदस्य होना आवश्यक है। ऐसे विद्यालय, जहां फिलेटली क्लब संचालित नहीं है, वहां अध्ययनरत विद्यार्थी किसी भी डाकघर में सक्रिय फिलेटली जमा खाता होने पर योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। बिना सक्रिय फिलेटली जमा खाते के प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विद्यार्थी का विगत परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत अथवा समकक्ष ग्रेड से अधिक होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को पात्रता में 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन दो स्तरों की प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। प्रथम स्तर पर लिखित क्विज परीक्षा 30 सितंबर 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा की अवधि एक घंटे की होगी तथा परीक्षा का स्थान एवं समय प्रवेश पत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा। लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में समसामयिकी, इतिहास, भूगोल, विज्ञान तथा खेल एवं संस्कृति से 5-5 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्थानीय फिलेटली से संबंधित 10 तथा राष्ट्रीय फिलेटली से संबंधित 15 प्रश्न होंगे। लिखित क्विज परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया के दूसरे स्तर में फिलेटली प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना होगा। फिलेटली प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। प्रोजेक्ट के विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को पृथक रूप से दी जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। योजना में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र अपने नजदीकी डाकघर से प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में संबंधित प्रवर अधीक्षक डाकघर के कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना होगा। आवेदन पत्र प्रेषित करने की अंतिम तिथि 22 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है।



# वन स्टॉप सेंटर को मिला दो मंजिला विस्तार

### संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संकटग्रस्त और हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक, पुलिस सहायता एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले इंदौर के वन स्टॉप सेंटर में अब सुविधाओं का विस्तार हो गया है। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक डॉ. वंचना सिंह ने सभी अतिथियों को स्वागत उद्बोधन में साझा करते हुए बताया कि इंफोसिस फाउंडेशन के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद से छावनी स्थित वन स्टॉप सेंटर के अतिरिक्त भवन का निर्माण कराया गया है। इसका उद्घाटन महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा की मौजूदगी में किया गया। जय श्रीवास्तव, मधुबाला, सुष्मिता सिंह, डॉ. गायत्री परिहार, सविता तंवर, संतोषी गुप्ता ने भी मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाई।

# बिड़वाल में तिरंगा यात्रा



**धार/बदनावर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत बदनावर तहसील के बिड़वाल मंडल में भाजपाइयों और छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली। सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा पहुंचकर वहां प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। तिरंगा हाथ में लेकर भारत माता के जयकारे भी लगे। सुनील मोदी, संतोष ढोलकिया, संदीप मरगला, ओमप्रकाश डोलियां मौजूद थे। थाना प्रभारी रविन्द्र बारिया और पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था संभाल रखी थी।

# युवा खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी दिमागी कला

**इंदौर।** एसजीएफआई इंटर-स्कूल डिस्ट्रिक्ट चेस कॉम्पिटिशन में कड़े मुकाबले, उत्साह और खेल भावना से भरे आयोजन का समापन हुआ। इंदौर जिले के विभिन्न स्कूलों के 650 से अधिक युवा शतरंज खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित जिला-स्तरीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।

समापन समारोह में इंदौर के डीएसओ विक्रांत आखरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि ने युवा शतरंज खिलाड़ियों की कोशिशों की सराहना की और उन्हें लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल को निखारते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधन, आयोजकों, अधिकारियों, कोच और सहयोगी स्टाफ की भी उनके ईमानदार प्रयासों और बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए तारीफ की, जिनकी वजह से चैंपियनशिप का आयोजन सुचारू और सफल रहा। समारोह में गोपाल अग्रवाल, टी. आर. ब्राउन, डगलस ब्राउन और अख्तर खान के साथ-साथ शिक्षक, कोच, अधिकारी और भाग लेने वाले छात्र मौजूद थे। विभिन्न आयु वर्गों में दक्षीत सोदानी, अद्वितीया रॉय, कविन कपूर, अंशिका डोंगरे, नकुल चंद्रावत,तन्वी चांडक ने बाजी मारी।

# एक चिट्ठी धरती माँ के नाम पत्र लेखन प्रतियोगिता

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एक चिट्ठी धरती माँ के नाम पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय डाक विभाग द्वारा 'अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान' के अन्तर्गत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए हस्त लिखित पत्र 31 अक्टूबर तक भेजे जा सकेंगे। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अन्तर्देशीय पत्र तथा लिफाफा की दो उपश्रेणी में रखकर पत्र भेजे जा सकते हैं, जिसकी अधिकतम क्षमता 500 शब्दों की अन्तर्देशीय पत्र में और लिफाफे में भेजने की क्षमता 1000 शब्द है। यह पत्र हिन्दी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में भी लिखे जा सकते हैं। इंदौर डाक घर के पते पर यह पत्र भेजे जा सकते हैं। श्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्रज्ञानंद को कीमर के खिलाफ मिली हार, 1.5 अंक के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद को सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। ग्रैंड चेस टूर के इस टूर्नामेंट में हार के बाद प्रज्ञानंद 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंद ने मुकाबले की शुरुआत अच्छी की, लेकिन बाद में एक बड़ी गलती कर बैठे, जिसका कीमर ने पूरा फायदा उठाया। मुकाबला अंत में चेकमेट के साथ समाप्त हुआ, जो शीर्ष स्तर के ग्रैंडमास्टर मुकाबलों में कम ही देखने को मिलता है। तीन दौर के बाद प्रज्ञानंद के खाते में 1.5 अंक हैं और टूर्नामेंट में अभी छह दौर बाकी हैं। 4,75,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले नौ दौर के इस टूर्नामेंट में कुल 10 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले जारी



**इंदौर।** डेली कॉलेज में कासलीवाल ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। विभिन्न मुकाबलों में बालिका वर्ग के पूल-1 में दिल्ली वर्ल्ड ने गोल्डन इंटरनेशनल को 2-0 से पराजित किया । प्लेयर ऑफ द मैच रूपाली गहलौत (दिल्ली वर्ल्ड) रही ।

बालक वर्ग के प्री क्वॉर्टर फ़ाइनल में एम.आई.आई.एस. ने द शिशुकुंज झालरिया को 1-0 से हराया । प्लेयर ऑफ द मैच - पीयूष (एम.आई.आई.एस.) रहे । दूसरे प्री-क्वार्टर फाइनल में आई.ए.टी.वी. एकेडमी ने टाईब्रेकर में गोल्डन इंटरनेशनल को 3-2 से पराजित किया । प्लेयर ऑफ द मैच रोहित (आई.ए.टी.वी.) रहे। तीसरे प्री-क्वार्टर फाइनल में अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने टाईब्रेकर में सन्मति स्कूल को 3-2 से हराया । प्लेयर ऑफ द मैच राज (अग्रवाल पब्लिक स्कूल) रहे।

## 510 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**इंदौर।** द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ष बालक-बालिका अंतर विद्यालयीन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या निशा अहमद, खेल अधिकारी संजय मिश्रा, इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत एवं सचिव विकास सिमरैया ने किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के करीब 510 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक, आत्मविश्वास और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए मुकाबलों में अपना दमखम दिखाया।

अंडर-14 बालक वर्ग में रंजीत सहिया, रुद्रा पाटिल, अनुज दानेवने, काव्यांश राठौर, पुष्पित जोशी एवं रोनित करनये ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

बालिका वर्ग में मितीशा सिमरैया, अनुराधा पांडे, साखी डांगी, वागीशा शर्मा, राधिका शर्मा एवं पीहू यदुवंशी ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## चेन्नई सुपर किंग्स नया हेड कोच बन सकता है यह पूर्व दिग्गज

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के निराशाजनक सीजन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स और स्टीफन फ्लेमिंग की राहें अलग हो गई हैं। इसके बाद से ही फ्रेंचाइजी के नए हेड कोच को लेकर बाजार गर्म है। भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि इंग्लैंड को अपनी कप्तानी में वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाले इयान मॉर्गन, फ्लेमिंग की जगह लेने के सबसे बड़े दावेदार हैं। अश्विन के मुताबिक, भले ही मॉर्गन के पास हाई-लेवल कोचिंग का अनुभव नहीं है, लेकिन केकेआर को 2021 के फाइनल तक पहुंचाने का उनका रिकॉर्ड उन्हें एक मजबूत विकल्प बनाता है।

# कल से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में बारिश का साया

**गाले ।** भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला गाले में होना है। दो मैचों की सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होगी। गाले में यह मुकाबला गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

9 साल बाद भारतीय टीम श्रीलंका में टेस्ट खेलने जा रही है। आखिरी बार 2017 में विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने यहां का दौरा किया था। तब टीम ने तीन मैचों की सीरीज को क्लीन स्वीप कर लिया था।

गाले में मौसम भारत और श्रीलंका दोनों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। श्रीलंका के दक्षिणी छोर पर स्थिति इस शहर में अभी काफी बारिश हो रही है। गुरुवार को बारिश की वजह से भारतीय टीम का नेट्स पूरी तरह गीला हो गया था। टेस्ट मैच की शुरुआत शनिवार को होनी है। एक्यू वेदर के उस दिन बारिश की संभावना करीब 80 प्रतिशत है। रविवार को 66, सोमवार को 81, मंगलवार को 55 जबकि बुधवार को बारिश की संभावना 56 प्रतिशत बताई गई है। इसी वजह से मैच शुरू होने से पहले ही इस पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

गाले में तापमान की बात करें तो सभी 5 दिन यह मैच के दौरान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की उम्मीद है । हालांकि ह्यूमिडिटी ज्यादा होने की वजह से खिलाड़ियों को गर्मी से जूझना पड़ सकता है। इंडिया ए ने जून में यहां श्रीलंका ए के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेला था। वह मुकाबला बारिश की वजह से ही ड्रॉ पर समाप्त हो गया।

गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 2019 के बाद अगस्त में टेस्ट खेला जाएगा। आखिरी बार यहां अगस्त में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबला हुआ था। उस मैच में श्रीलंका को 6 विकेट से जीत मिली थी। भारत ने यहां 2017 में आखिरी टेस्ट खेला था। विराट कोहली की कप्तानी में टीम को उस मैच में 304 रनों के बड़े अंतर से जीत मिली थी।

# पंत से लेकर गिल तक, टेस्ट सीरीज में भारतीयों के पास रिकॉर्ड बनाने का मौका

**गाले।** भारत और श्रीलंका के बीच शनिवार से दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज होने जा रहा है। पहला टेस्ट गॉल स्टेडियम में आयोजित होगा। यह सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा है। भारत सीरीज में श्रीलंका को रौंदकर डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने की फिराक में होगा। भारत तलिका में फिलहाल पांचवें स्थान पर है। वहीं, भारत के चार बल्लेबाजों के पास आगामी सीरीज में धड़ाधड़ कई रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा। भारतीय टीम 2017 के बाद पहली बार श्रीलंका की सरमजीं पर टेस्ट सीरीज में उतरेगी।

भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत श्रीलंका में तीन छक्के जड़ते ही इतिहास रचेंगे। वह टेस्ट क्रिकेट में 100 सिक्स जड़ने वाले पहले भारतीय बनेंगे। पंत ने अब तक 50 टेस्ट में 97 सिक्स उड़ाए हैं। सिर्फ तीन खिलाड़ी ही टेस्ट में 100 या उससे अधिक सिक्स लगा पाए हैं। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने 138, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन




मैकुलम ने 107 और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने 100 छक्के मारे। वहीं, पंत 220 रन बनाते ही डब्ल्यूटीसी इतिहास में 3000 रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर बनेंगे। उनके पास शतक लगाकर एक और उपलब्धि हासिल करने का मौका है। श्रीलंका में अभी तक किसी भारतीय विकेटकीपर ने टेस्ट संेचुरी ने जड़ी है। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टेस्ट में 50 छक्के लगाने की दहलीज पर हैं। उन्हें सिर्फ पांच हवाई फायर की दरकार है। वह टेस्ट में सहवाग और रोहित के बाद यह आंकड़ा छूने वाले तीसरे भारतीय ओपनर होंगे। यशस्वी को डब्ल्यूटीसी में भारतीय ओपनर द्वारा में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए 187 रन चाहिए। वह 24 साल की उम्र में 5 अलग-अलग देशों में टेस्ट संेचुरी बनाने वाले दूसरा भारतीय बन सकते हैं। उन्हें एक शतक की जरूरत है। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ऐसा कर चुके हैं।

अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार रन कंप्लीट करने से ज्यादा दूर नहीं हैं। उन्हें श्रीलंका में 170 रनों की जरूरत है। राहुल ने अब तक 277 इंटरनेशनल मैचों में 9830 रन जोड़े हैं, जिसमें 73.63 का औसत रहा। राहुल के पास घर के बाहर 10 टेस्ट संेचुरी बनाने वाले दूसरे एशियाई ओपनर बनने का चांस भी है। उन्हें 2 संेचुरी की दरकार है। राहुल से पहले पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने ऐसा किया।

# भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज के शेड्यूल में होगा बदलाव?

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने हाल ही में भारत और अफगानिस्तान के बीच 13, 15 और 17 सितंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में तीन मैचों की टी20आई सीरीज की पुष्टि की थी। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक एसीबी अब इस शेड्यूल में थोड़ा बदलाव करना चाहता है। अफगानिस्तान बोर्ड की मंशा है कि एक मुकाबला 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आयोजित किया जाए। इस दिन आंशिक छुट्टी होने के कारण स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, इसी को ध्यान में रखते हुए एसीबी ने 13 या 15 सितंबर वाले मैच को 14 सितंबर को कराने का प्रस्ताव रखा है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच सितंबर में टी20आई सीरीज पक्की होने के बाद अब भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा रद्द होना लगभग तय माना जा रहा है। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 1 से 13 सितंबर के बीच भारत के खिलाफ 3 वनडे और 3 ऊ20६ मैचों का शेड्यूल जारी किया था, लेकिन दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों और सरकारी हरी झंडी न मिलने के कारण यह दौरा अधर में लटक गया था। हालांकि बांग्लादेश के खेल मंत्री अमीनुल हक ने विवाद सुलझने की उम्मीद जताई थी, लेकिन नए घटनाक्रम के बाद भारतीय टीम का बांग्लादेश जाना अब मुमकिन नजर नहीं आ रहा है।

## नाग पंचमी पर्व पर लाखों रुपये का इनामी दंगल

**इंदौर।** जैसा कि इंदौर शहर की परंपरा रही है नागपंचमी पर्व पर जगह-जगह कुश्ती दंगल आयोजित होते है,इसी परंपरा को लगभग 86 वर्षों से श्री चंद्रपालसिंह उस्ताद व्यायामशाला निर्वाहित कर रहा है । इसी कड़ी में इस वर्ष भी व्यायामशाला में नागपंचमी के पावन पर्व पर 17 अगस्त सोमवार को सुबह 10 बजे से भव्य कांटाकुश्ती दंगल रखा गया है जिसने लाखों रुपए की नगद इनामी राशि वितरित की जाएगी । इस कुश्ती दंगल में इंदौर शहर के साथ उज्जैन, खंडवा, देवास, धार, बड़वाह, महू, देपालपुर के नामचीन पहलवान भी भाग लेंगे । इस कुश्ती दंगल में खड़ी कुश्तियों के साथ-साथ लिखित कुश्तियां भी होगी। जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है वो व्यायामशाला पर संपर्क कर अपना नाम लिखा सकता है।

## इंदौर में होगी 25वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय यूथ अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

**इंदौर।** 25वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय यूथ अंडर-18 बालक एवं बालिका एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 16 अगस्त को इंदौर में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर कॉर्पोरेशन एरिया एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर के तत्वावधान में किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से अंडर-18 आयु वर्ग के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिका एथलीट हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता का विशेष महत्व इसलिए भी है कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड हासिल करने वाले खिलाड़ियों को आगामी अंडर-18 यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप गुरु नानक स्टेडियम लुधियाना पंजाब जो 1 से 3 सितंबर तक आयोजित होगी, में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## खिलाड़ियों ने पांच मैडल जीत कर रोशन किया इंदौर का नाम

**इंदौर।** मंदसौर में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर कुराश प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश कुराश एसोसिएशन द्वारा किया गया था। श्री राम मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का पूरे टूर्नामेंट में दबदबा रहा। खिलाड़ियों ने बॉयज और गर्ल्स दोनों वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर इंदौर को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्पर्धा में क्वींस कॉलेज की हिमांशी वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एमपी कोच एवं रेफरी महेश पुरोहित ने बताया कि वशिष्ठ पुरोहित,



युगवीर, उमीका सिंह, हर्षवर्धन और शिखर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीते और इंदौर को चैंपियनशिप दिलाई। प्रतियोगिता में महेश पुरोहित और दीपक जाट ने मुख्य रेफरी की जिम्मेदारी निभाई। खिलाड़ियों की सफलता में अकादमी की प्रशिक्षक लक्षिका वर्मा और आकाश तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# संदीप, कुणाल, हितेश, भाविना, सोनल, निशा, नतानिया फायनल में

**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन तथा पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा प्रथम पेरा राष्ट्रीय रेंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में भाग ले रहे सभी प्रमुख खिलाड़ियों पुरुष वर्ग में संदीप डांगी, जे.डी.मदान, सुमित सहगल, कुणाल अरोड़ा, हितेश डोलवानी तथा महिला वर्ग में भाविना पटेल, सोनल पटेल, निशा कुमारी, नतानिया जैन आदि ने अपने - अपने वर्गो में अंतिम पायदान तय किया । मुकाबले अभय प्रशाल में खेले जा रहे है ।




पुरुष वर्ग के क्लास 1 के सेमीफायनल में संदीप डांगी (हरयाणा) ने जे.डी. मदन (तमिलनाडु) को 3-1 से, मयंक श्रीवास्तव (उत्तर प्रदेश) ने अल्पेश बी. सुतरिया (गुजरात) को 3-1 से हराया।

पुरुष वर्ग में क्लास 2 के सेमीफायनल में जगन्नाथ एच.एम (कर्नाटक) ने लक्ष्य गुप्ता (हरयाण) को 3-1 से, जय भोले दवे (गुजरात) ने अविनाश गोपीनाथन (तमिलनाडु) को 3-1 से परास्त किया।

पुरुष वर्ग में क्लास 3 के सेमीफायनल में नवीन कादियान (उत्तर प्रदेश) ने सर्वना कुमार (तमिलनाडु) को 3-0 से, शुभम वाधवा (पंजाब) ने मधु राम (राजस्थान) को 3-1 से मात दी।

पुरुष वर्ग में क्लास 4-5 के सेमीफायनल में त्रिवेंद्र सिंह (उत्तर प्रदेश) ने राज अरविंदन अलगुर (तमिलनाडु) को 3-1 से तथा सुमित सहगल (हरयाणा) ने रमेश चैधरी (गुजरात) को 3-0 से शिकस्त दी।

वही महिला वर्ग क्लास 4 एवं 5 के सेमीफायनल में विजया दीपिका (तेलंगाना) ने उषा राठौड़ (गुजरात) को 3-0 से, भाविना पटेल (गुजरात) ने काजल मकवाना (गुजरात) को 3-0 से षिकस्त दी।

महिला वर्ग क्लास 7 के सेमीफायनल में सोनल पटेल (गुजरात) ने मीना परमार (गुजरात) को 3-0 से, ध्वानी शाह (गुजरात) ने प्रियंका शर्मा (दिल्ली) को 3-0 से हराया।

महिला वर्ग क्लास 8 के सेमीफायनल में निशा कुमारी (तेलंगाना) ने सैला सोलंकी (गुजरात) को 3-0 से, सविता वी. अज्जनकुट्टी (कर्नाटक) ने मीना बालोदिया (मध्य प्रदेश) को 3-0 से मात दी।

# गिट्टी मिक्सर मशीन में उतरे करंट से मजदूर की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र के छोटा बांगड़दा रोड पर काम के दौरान बिजली का जोरदार झटका लगने से एक 20 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। 5 जुलाई को हुई इस घटना में पुलिस द्वारा की गई मर्ग जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर पुलिस ने लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**मर्ग जांच के बाद ठेकेदार पर मामला दर्ज**

पुलिस के अनुसार, हादसा छोटा बांगड़दा रोड स्थित श्रीराम नगर में अर्जुन यादव के प्लॉट नंबर 36 पर हुआ था, जहां निर्माण कार्य चल रहा था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी साक्षी राजा भील, शेखर भील और मुकेश के बयान दर्ज किए। गवाहों ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई की शाम करीब 6 बजे काम खत्म करने के बाद वे लोग गिट्टी-मसाला बनाने वाली मिक्सर मशीन के आसपास फैला हुआ माल इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान मिक्सर मशीन को धक्का देकर आगे-पीछे करते समय मशीन में अचानक फैला बिजली का करंट वहां काम कर रहे मजदूरों को लग गया। इस हादसे में 20 वर्षीय मजदूर करण भील करंट की चपेट में बुरी तरह आ गया और झुलसकर मौके पर ही बेहोश हो गया। साथी मजदूर तुरंत करण को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मर्ग जांच के दौरान साक्षियों के बयानों के आधार पर एरोड्रम थाना पुलिस ने निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही बरतने पर आरोपी ठेकेदार पंकज पिता जगदीशचंद्र भारतीय निवासी स्कीम नंबर 71 के खिलाफ वैधानिक धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर फर्जी ऐप के जरिए 7.50 लाख की ठगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठने का एक और बड़ा मामला सामने आया है। शातिर साइबर ठगों ने एक प्रसिद्ध कैपिटल कंपनी के नाम से फर्जी SEBI रजिस्ट्रेशन दिखाकर पीड़ित को अपने जाल में फंसाया और फिर फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए 7.50 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसईबीआई रजिस्ट्रेशन दिखाकर झांसे में लिया

पुलिस के अनुसार, स्वामी दयानंद नगर निवासी फरियादी फिरोज पिता शकील खान ने राजेन्द्र नगर थाने में उपस्थित होकर ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोबाइल पर मार्केट वोल्फ नामक ऐप इंस्टॉल किया था। इसके बाद ठगों ने उन्हें व्हाट्सएप लिंक के जरिए अपने ग्रुप से जोड़ लिया। जालसाजों ने खुद को कथित ब्रोकरेज कंपनी अमानसा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया और फर्जी एसईबीआई रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र दिखाकर पीड़ित का विश्वास हासिल कर लिया।

ठगों के झांसे में आकर फिरोज ने भारतीय और अमेरिकी शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 7 लाख 50 हजार रुपये जमा कर दिए। जब पीड़ित ने अपने जमा किए गए पैसे वापस निकालने का प्रयास किया, तो ऐप से पैसे ट्रांसफर नहीं हुए। इसके बाद ऐप के एडमिन और मैनेजर ने पीड़ित से बातचीत बंद कर दी और संपर्क तोड़ लिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस का 'ऑपरेशन सेफ जोन'

## होटल-रिसॉर्ट में सघन चेकिंग, पुलिस की कड़ी निगरानी





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट इंदौर के जोन-02 में 'ऑपरेशन सेफ जोन' के तहत विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा होटल, ढाबों, रिसॉर्ट्स और संवेदनशील इलाकों में लगातार सघन जांच की जा रही है।

अभियान के तहत जोन-02 के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमें होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट और सार्वजनिक स्थानों पर दबिश देकर ठहरने वाले लोगों और संदिग्ध गतिविधियों की बारीकी से जांच कर रही हैं। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख चौराहों और शहर के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और संदिग्ध वाहन चालकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा असामाजिक तत्वों और संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए शहर के संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।




जोन-02 पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शांति व कानून-व्यवस्था प्रभावित करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और फिर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दैहिक शोषण किया और खर्चे के नाम पर कई बार रुपये भी ऐंठे। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ब्लैकमेलिंग पर उतर आया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 39वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी सोनू पिता कन्हैया यादव निवासी साईं नगर, मूसाखेड़ी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सोनू ने उसे शादी का झांसा दिया था और अपने विश्वास में लेकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी खर्चे के नाम पर पीड़िता से लगातार रुपये भी हासिल करता रहा। जब पीड़िता ने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी सोनू ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, रिलेशनशिप के दौरान खींचे गए फोटो और वीडियो आरोपी के पास मौजूद हैं जिनके आधार पर वह पीड़िता को धमकाने लगा। आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने शादी के लिए दोबारा दबाव बनाया या कहीं शिकायत की, तो वह उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस की शरण लेते हुए केस दर्ज करवाया है।

# शराब दुकान के पास युवक पर चाकू से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में शौचालय के पास एक अज्ञात सिरफिरे व्यक्ति ने युवक से नाम-पता पूछा और मना करने पर अभद्रता करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक के पेट और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद सब्जी विक्रेता के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी प्रदीप अहिरवार ने बाणगंगा थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित प्रदीप ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपने दोस्त जगदीश कुशवाहा के साथ बाणगंगा वाइन शॉप के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय में बाथरूम करने जा रहा था उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति वहां आया और बिना वजह प्रदीप की छतरी के नीचे आकर खड़े होकर उसका नाम-पता पूछने लगा। जब प्रदीप ने अनजाने व्यक्ति को अपना नाम-पता बताने से इंकार किया, तो आरोपी विवाद करने लगा और धार्मिक टिप्पणी करते हुए गाली-गलौच पर उतारू हो गया। पीड़ित द्वारा गालियां देने का विरोध करने पर आरोपी ने अपने पास छिपाकर रखा चाकू निकाल लिया और सीधे प्रदीप के पेट के बाएं हिस्से और सिर पर वार कर दिए। हमले में पीड़ित के बाएं पैर के पीछे भी चाकू से गंभीर चोट आई। चीख-पुकार सुनकर पास ही दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेता धर्मेंद्र ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और पीड़ित की जान बचाई। बाणगंगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात हमलावर की तलाश शुरू कर दी है।

## पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर खुदकुशी मामला

### एसआईटी की जांच के बाद पति के खिलाफ प्रताड़ना का केस दर्ज

**इंदौर।** शहर के पलासिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की महिला इंजीनियर की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। लगभग 20 दिन पूर्व हुई इस घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष की शिकायतों और आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया था। एसआईटी की जांच रिपोर्ट और बयानों के आधार पर पलासिया थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, लोक निर्माण विभाग में वरिष्ठ इंजीनियर के पद पर पदस्थ आरती यादव ने अपने शासकीय क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। घटना के तुरंत बाद उनके पति नीलेश यादव उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान अगले दिन उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका आरती के भाई उपेंद्र ने पति नीलेश यादव पर अपनी बहन को लंबे समय से शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और तनाव में रखने के गंभीर आरोप लगाए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित की थी। जांच के दौरान एसआईटी ने परिजनों, सहकर्मियों और दंपती की दोनों बेटियों के भी विस्तृत बयान दर्ज किए। बयानों और संकलित साक्ष्यों के आधार पर पलासिया थाना पुलिस ने आरोपी पति नीलेश यादव के खिलाफ प्रताड़ना की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।